दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 51 | जयपुर | मंगलवार, 24 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जयपुर में जिस एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, उसका ड्राइवर जिंदा बचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एलपीजी ब्लास्ट मामले में पुलिस को टैंकर के ड्राइवर की जानकारी मिल गई है। एसएचओ भांकरोटा मनीष कुमार शर्मा ने बताया- टैंकर ड्राइवर टक्कर के दौरान गैस लीक होने पर जयपुर की तरफ दौड़ा था। इससे उसकी जान बच गई। ड्राइवर ने ही टैंकर मालिक को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा था। अब पुलिस ने टैंकर ड्राइवर जयवीर निवासी मथुरा को जयपुर बुलाया है।

सोमवार सुबह पूर्व सीएम वसुंधरा राजे घायलों के परिवार वालों से मिलने एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचीं। राजे ने उनसे बात की और हिम्मत दी। सीनियर डॉक्टरों से इलाज के बारे में पूछा।

### घायलों के परिवार से मिलीं वसुंधरा राजे

#### 20 को जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुआ था हादसा

जयपुर के अजमेर रोड पर 20 दिसंबर को हुए हादसे में 4 लोग मौके पर ही जिंदा जल गए थे। 8 लोगों ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। 1 मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई थी। एक्सीडेंट में झुलसे 23 लोग अब भी हॉस्पिटल में एडमिट हैं। इनमें 7 वेंटिलेटर पर हैं। इस हादसे में 25 लोग 75 फीसदी तक झुलसे हैं। 20 दिसंबर की सुबह भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5 :44 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने (भांकरोटा) टैंकर ने यू-टर्न लिया।

**18 टन गैस लीक हुई-**गेल इंडिया लिमिटेड के DGM (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर से टैंकर के 5 नोजल टूट गए और 18 टन (180 क्विंटल) गैस लीक हो गई। इससे इतना जोरदार धमाका हुआ कि पूरा इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। जहां टैंकर में ब्लास्ट हुआ उससे करीब 200 मीटर दूर एलपीजी से भरा एक और टैंकर था। गनीमत रही कि उसने आग नहीं लगी।

**बेनीवाल ने बर्न यूनिट में सुविधाओं के लिए 50 लाख की घोषणा की-**नागौर से आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल सोमवार सुबह एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचे और मरीजों के इलाज को लेकर अपडेट लिया। इस दौरान उन्होंने सांसद कोष से बर्न यूनिट में सुविधाओं के लिए 50 लाख की घोषणा की। बेनीवाल ने कहा- हम यहां पॉलिटिकल माइलेज के लिए नहीं आए हैं। सांसद बेनीवाल ने कहा- भजनलालजी राजस्थान के लिए अशुभ हैं, आगे पता नहीं क्या क्या घटनाएं होंगी। ईश्वर राजस्थान को बचाए।



## दिल्ली एलजी की केजरीवाल को चिट्ठी

**लिखा- लोगों की बेबसी नजर आने में 10 साल बाद लगे, यमुना के बढ़ते प्रदूषण का जिम्मेदार ठहराया**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के कई इलाकों में गंदगी और बदइंतजामी पर सवाल उठाते हुए वीडियो शेयर किया था। इसके बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने सोमवार सुबह ट्वीटर पर पोस्ट कर इलाके में साफ-सफाई का काम शुरू होने की जानकारी दी थी। इस पर कटाक्ष करते हुए सोमवार शाम एलजी ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी है। एलजी ने पोस्ट का जिक्र करते हुए लिखा- बेहतर होता कि यह मुस्तैदी किराड़ी, संगम विहार, मुंडका जैसे इलाकों में भी दिखाई जाती। मुझे खुशी होती, अगर उन स्कूलों की तरफ भी ध्यान दिया जाता जहां एक ही कमरे में दो क्लास के बच्चों को बैठना पड़ता है। मोहल्ला क्लीनिक की व्यवस्था ठीक की जाती। उन्होंने लिखा कि पिछले ढाई सालों में मैंने कई बार दिल्लीवासियों की अनेक समस्याओं के बारे में आपको बताया, लेकिन उन मुद्दों पर आज-तक कोई काम नहीं हुआ।

## मुंबई नाव हादसा : बोट के स्टीयरिंग और थ्रॉटल में खराबी थी

**नेवी सूत्रों का दावा- क्रू को इसकी जानकारी थी; पलटने से 15 मारे गए थे**

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** 18 दिसंबर को मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट नेवी के जहाज से टकराने के बाद समुद्र में डूब गई थी। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई। नेवी सूत्रों ने बताया कि ये घटना स्टीयरिंग असेंबली और थ्रॉटल क्वाड्रंट (बोट की स्पीड कंट्रोलिंग) में तकनीकी खराबी के कारण हुई। जिससे बोट की रफ्तार को काबू में नहीं लाया जा सका। हादसे में जिंदा बचने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि, दुर्घटना से पहले बोट की जांच की गई थी और क्रू को बोट में खराबी की जानकारी दी गई थी। हादसे से जुड़े वीडियो में भी साफ तौर पर देखा गया कि नेवी बोट की रफ्तार तेज थी।



## पीएम मोदी ने 71 हजार लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटे

# डेढ़ साल में करीब 10 लाख पक्की नौकरी दी, पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर बांटे। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा रोजगार मेला है।

पीएम मोदी ने कहा- पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार में करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी गईं। पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। आज युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो रहा है।

रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 14 मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। इससे पहले आखिरी रोजगार मेला 29 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 51 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटा गया था।

### पीएम के भाषण की मुख्य बातें...

**विकसित भारत पर:** भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है और लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है, क्योंकि भारत में हर नीति और हर निर्णय के केंद्र में भारत का प्रतिभाशाली युवा है। आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। किसी भी देश का विकास उसके युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व से होता है।

**अर्थव्यवस्था पर:** आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी बन गए और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत है। भारत ने अपने स्पेस, डिफेंस सेक्टर में नीतियां बदलीं और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया है। इसका फायदा भारत के युवाओं को हुआ। वो नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो सब जगह अपना परचम लहरा रहा है।

**महिलाओं पर:** आज हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। गर्भवती महिलाओं को 26 हफ्ते की छुट्टी के हमारे फैसले ने हजारों बेटियों के सपने को टूटने से रोका, उनके करियर में सहायता की। सुकन्या समृद्धि योजना से निश्चित किया कि उनकी पढ़ाई में आर्थिक परेशानी न आए। जनधन खाते खोले जिससे सरकारी योजनाओं का फायदा सीधे मिला। मुद्रा योजना से महिलाओं को बिना गारंटी लोन मिलने लगा।

**स्टार्ट अप, मैन्युफैक्चरिंग पर:** आज युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है तो पूरा इकोसिस्टम सहयोग के लिए मिलता है। आज कितने ही सेक्टर्स में हम कम्पलीट ट्रांसफॉर्मेशन देख रहे हैं। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। रिन्युएबल एनर्जी से लेकर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग, स्पेस से लेकर डिफेंस, टूरिज्म से लेकर वेलनेस तक हर सेक्टर में देश नई ऊंचाइयां छू रहा है।

**अक्टूबर 2022 से शुरू हुआ था रोजगार मेला**
प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के आखिर तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना था। नवंबर 2023 तक कुल 11 रोजगार मेलों में 7 लाख से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए गए थे। हालांकि, लोकसभा चुनाव से पहले 12 फरवरी 2024 को 12वां रोजगार मेला हुआ था, जिसमें 1 लाख से ज्यादा जॉब लेटर बांटे गए थे।

## पूर्व आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूजा पर यूपीएससी एग्जाम में धोखाधड़ी और ओबीसी और विकलांगता कोटे का गलत तरीके से फायदा लेने का आरोप है। यूपीएससी की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया था। पूजा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। जस्टिस चंदर धारी सिंह की बेंच ने 27 नवंबर को मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि पूजा पर लगे आरोप गंभीर हैं। पूरी साजिश का खुलासा करने और इसमें अन्य लोगों के शामिल होने की पुष्टि के लिए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत है।

## यूपी के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों का एनकाउंटर

**2 एके-47 और कारतूस बरामद; 2 सिपाही जख्मी**

बढ़ता राजस्थान

**पीलीभीत।** यूपी के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया। पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस ने सोमवार तड़के यह ऑपरेशन किया। सभी आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के सदस्य थे। इन्होंने 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया था। आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल, 2 ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए। मारे गए आतंकियों में गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह हैं। पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में एनकाउंटर हुआ। गोली लगने के बाद तीनों घायलों को पूरनपुर सीएचसी लाया गया। वहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पीलीभीत एसपी अविनाश पांडेय ने बताया- सोमवार सुबह पंजाब की गुरदासपुर पुलिस की टीम थाना पूरनपुर पहुंची। सूचना दी कि उनके यहां कुछ दिन पहले गुरदासपुर में बख्शीवाल पुलिस चौकी पर खालिस्तानी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था।

## ट्रम्प बोले- मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बन सकते

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से विपक्षी नेता आरोप लगा रहे हैं कि इस सरकार में राष्ट्रपति की असल ताकत इलॉन मस्क के पास होगी। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि आने वाले वक्त में मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। ट्रम्प ने इस तरह की सभी अटकलों को खारिज कर दिया है। ट्रम्प का कहना है कि इलॉन मस्क कभी अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बन सकते। ट्रम्प ने रविवार को एरिजोना के एक इवेंट में कहा- मैं आपको बता सकता हूं कि मस्क राष्ट्रपति नहीं बनने वाले हैं। वो दक्षिण अफ्रीका में पैदा हुए हैं। वह इस देश में पैदा नहीं हुए। अलजजीरा के मुताबिक ट्रम्प ने मस्क की तारीफ करते हुए कहा कि उनके राजनीति विरोधी लगातार यह झूठ फैला रहे हैं कि इस सरकार में राष्ट्रपति की असल ताकत इलॉन मस्क के पास होगी। मस्क के आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति बनने का भी कोई खतरा नहीं है, क्योंकि संविधान ने उन्हें ऐसा करने से रोका है।

अमेरिका के संविधान के मुताबिक सिर्फ अमेरिका में पैदा हुआ अमेरिकी नागरिक ही देश का राष्ट्रपति बन सकता है।

### संविधान ने उन्हें ऐसा करने से रोका; विपक्ष का आरोप असली ताकत मस्क के पास



मस्क पर लगा था फंडिंग बिल रोकने का आरोप पिछले हफ्ते राजनीति उथल पुथल के बीच अमेरिका में अस्थाई फंडिंग बिल पहली बार में संसद से पास नहीं हो पाया था, जिससे 23 लाख कर्मचारियों की सैलरी पर संकट आ गया था। तब कुछ मीडिया आउटलेट्स ने इसके लिए मस्क को दोषी माना था और उन पर देश को बंधक बनाने का आरोप लगाया था।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग-2024 : चोमू वारियर्स ने जौहरी किंग्स को हराया, रेलमगरा रॉयल्स की शानदार जीत

बढ़ता राजस्थान











जयपुर,(का.स.)। स्वस्थ युवा सक्षम समाज समर्थ राष्ट्र की कामना के साथ अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग के पहले मुकाबले में चोमू वारियर्स ने बड़ा उलट फेर करते हुए रोमांचक प्रदर्शन करते हुए जौहरी किंग्स को हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जौहरी किंग्स की टीम 13.4 ओवर में 104 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए मीत विजय ने 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि शुभम विजय ने 17 रन बनाए। हालांकि, टीम का मध्यक्रम लड़खड़ा गया, और कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। चोमू वारियर्स के गेंदबाज अमन विजय और कार्तिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को रोकने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए चोमू वारियर्स ने 14.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। अतुल (कप्तान) ने 23 रन की महत्वपूर्ण नाबाद पारी खेली, जबकि अमित विजय ने 20 रनों का योगदान दिया। जौहरी किंग्स के गेंदबाजों ने अच्छा प्रयास किया, लेकिन चोमू वारियर्स के संयमित खेल के सामने उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। मीट विजय की 38 रनों की पारी जौहरी किंग्स के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू रही। अतुल की कप्तानी पारी ने चोमू वारियर्स को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अमन विजय ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग 2024 का अगला मुकाबला फरीदाबाद टाइटंस और रेलमगरा रॉयल्स के बीच खेला गया। यह रोमांचक मैच रेलमगरा रॉयल्स की शानदार जीत के साथ समाप्त हुआ। फरीदाबाद टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 102 रन बनाए, जिसमें प्रमुख योगदान सोरभ विजय (39 रन) और राजेश विजय (24 रन) का रहा। हालांकि, बाकी बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में असफल रहे। जवाब में, रेलमगरा रॉयल्स ने 14 ओवर में 6 विकेट खोकर 106 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुमीत विजय (26 रन) और कमलेश विजय (22 रन, नाबाद) ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।फरीदाबाद टाइटंस की ओर से सोरभ विजय ने 39 रन बनाए। राजेश विजय ने 24 रन की अहम पारी खेली। रेलमगरा रॉयल्स के सुमीत विजय ने 26 रन बनाकर पारी को संभाला। कमलेश विजय ने 22 रन की तेजतर्रार नाबाद पारी खेली। रेलमगरा रॉयल्स ने यह मैच 4 विकेट से जीत लिया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक दिनेश दुब्बी ,गिरधर कलमंडा, सुरेंद्र विजय , बनवारी विजय श्याम ठेहला हर्ष विजय, मनोज ताल चिड़ी, पियूष दुब्बी, संदीप दुब्बी, सुशील सिकंदरा ,प्रयाग पीपलू, देवेंद्र बांदीकुई राकेश तालाब सुशांत डॉ. दिनेश दुब्बी ,गिरधर कलमंडा, सुरेंद्र विजय , बनवारी विजय श्याम ठेहला हर्ष विजय, मनोज ताल चिड़ी, पियूष दुब्बी, संदीप दुब्बी, सुशील सिकंदरा ,प्रयाग पीपलू, देवेंद्र बांदीकुई राकेश तालाब सुशांत दुब्बी आशीष अंकित राजपुरा बनवारी निमेड़ा सुरेश कुंडल, नरेंद्र विजय, राजेंद्र, अभिषेक मेहंदवास, नवरत्न सुगंधी, पंकज भरथला, अशोक बुद्ध कत्ल राजकुमार निवाई श्री राम दूनी , राजेश चोगाई लक्ष्मीकांत छुआ निलेश भीलवाड़ा गोविंद कोटखावदा आदि गण मान्य उपस्थित रहे।

तीनों मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ

## जयपुर में तीन दिन तक तीन मरीजों की रोबोट ने की हार्ट की सर्जरी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर स्थित मणिपाल हॉस्पिटल में हार्ट की सर्जरी राजस्थान में पहली बार रोबोट ने सफलतापूर्वक की गई है। अस्पताल के सीनियर कार्डियक सर्जन डॉक्टर ललित आदित्य मलिक ने बताया कि तीन मरीजों की हार्ट की सर्जरी रोबोट से की गई है। जिसमें एक महिला व दो पुरुष हैं। तीनों ही मरीज अब पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। रोबोट से सर्जरी करना अपने आप में नया कार्य है। जो की राजस्थान की धरती पर पहली बार किया गया है। रोबोट के द्वारा की गई सर्जरी में किसी भी प्रकार का कोई चीरा नहीं लगाया जाता और ना ही किसी प्रकार की हड्डी काटी जाती है। जो की प्रचलित तकनीक से बिल्कुल भिन्न है। पुरानी प्रचलित तकनीक जो हार्ट की सर्जरी के लिए काम में ली जाती थी उनमें छाती काटकर ऑपरेशन किए जाते थे। जिससे मरीज की छाती पर कट का 9-10 इंच तक लंबा निशान होता था। लेकिन रोबोट के द्वारा की गई सर्जरी में मात्र छेद करके सर्जरी की जाती है और किसी प्रकार का कोई लंबा चीरा नहीं लगाया जाता है। डॉ. ललित आदित्य मलिक ने बताया कि हार्ट की सभी प्रकार की सर्जरी रोबोट के द्वारा की जा सकती है। हमने भी जो तीन हार्ट की सर्जरी की गई है। इसमें दो मरीजों की हार्ट की नसों में ब्लॉक था। जिसकी रोबोट द्वारा हार्ट की बायपास सर्जरी की गई और एक मरीज के हार्ट में बड़ा छेद था जिसको रोबोट की मदद से बिना कोई हड्डी काटे और बिना चीरा लगाए बंद किया गया। ये तीनों ही मरीज राजस्थान के निवासी हैं। रोबोट से की जाने वाली सर्जरी एक आधुनिकतम तकनीक है जो की हार्ट के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। रोबोट के द्वारा हार्ट की सर्जरी राजस्थान में पहली बार की गई है। इस प्रकार की सर्जरी पूर्व में दिल्ली, बेंगलुरु मुंबई जैसे महानगरों में पिछले दो-तीन सालों से की जा रही है। यह सर्जरी राजस्थान में पहली बार की गई है जो कि अमेरिका व ब्रिटेन जैसे विकसित राष्ट्रों की के बराबर है। रोबोट के द्वारा हार्ट की सर्जरी करने के बाद मरीज का अस्पताल में स्टे कम रहता है, अच्छी रिकवरी होने पर मरीज की मात्र 2-3 दिनों में ही अस्पताल से छुट्टी हो सकती है। इससे वह जल्दी अपने काम पर लौट जाता है, ब्लड लॉस कम होता है और मरीज को खून चढ़ाने की आवश्यकता ना के बराबर होती है एवं सर्जरी की सटीकता भी ज्यादा रहती है, समय भी इसमें परंपरागत तकनीक से कम लगता है। डॉ मालिक ने बताया कि जिन मरीजों को भी हार्ट सर्जरी की आवश्यकता होती है, उन्हे एक बार इस तरह एडवांस तकनीक के बारे में भी सोचना चाहिए।

## इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 के लिए सजा मंच

जयपुर में हुआ आयोजित 19-सिटी रोड शो का ग्रांड फिनाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** इलेक्रामा 2025 दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल शो है. इसके लिए 19 शहरों के रोड शो की एक सीरिज का शानदार समापन जयपुर में हुआ। इस कार्यक्रम में भारत के इलेक्ट्रिकल और संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता और हितधारक शामिल हुए और इस क्षेत्र के विकास का जश्न मनाया गया। इस दौरान इलेक्रामा 2025 के विजन को दिखाया गया, जो 22-26 फरवरी 2025 को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने वाला है। आईईईएमए, इलेक्रामा 2025 प्रजेंट करने के लिए तैयारी जोर-शोर से कर रहा है। आगामी संस्करण का उद्देश्य नए मानक स्थापित करना है। जिसमें 1 हजार 100 से अधिक प्रदर्शक, 400000 व्यावसायिक मेहमानों की अनुमानित उपस्थिति रहने वाली है। इसमें 15 हजार से अधिक बी2बी बैठकें होंगी, जिसमें 80 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 600 से अधिक मेज़बान खरीदार और 10 से अधिक देशों के मंडप शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि पर राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से परिवर्तन और सतत विकास का केंद्र बन रहा है। प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र आत्मनिर्भर और विद्युतीकृत भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## डॉ आरती मीना ने मंच संचालन करते हुए बहुत ही सरानीय विचार आदिवासी महिला पंचायत में बोले





बढ़ता राजस्थान

**‘मैं नारी हूं है गर्व मुझे ना चाहिए कोई पर्व मुझे । संकल्प करो कुछ ऐसा कि अब सम्मान मिले हर नारी को, बंदिश और जुल्म से मुक्त हो वो अपनी वो खुद अधिकारी हो’।।**

**जयपुर,( का.स. )।** हम सबको अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा सभी लोगो ने डॉ. आरती मीना के विचारों की खूब चर्चा की । डॉ आरती ने कहा कि महिलाओं को हर जगह ऐसी महा पंचायत करनी चाहिए जिसे महिलाओं में जागृति आये कहा हम सबको साथ में मिलकर अपने हक की लड़ाई लड़नी है । महिलाओं की शिक्षा की उच्च दर अभी भी एक दूर का सपना है। हालाँकि सर्व शिक्षा अभियान लड़कियों को स्कूलों में वापस लाने में सफल रहा है, फिर भी स्कूल में उनकी अवधारण दर एक बच्चे की तुलना में कम है। इसके साथ जुड़े कारण यह हैं कि माता-पिता लड़कियों से अपेक्षा करते हैं कि जब माता-पिता काम पर जाते हैं तो वे अपने भाई-बहनों की देखभाल करें, माता-पिता के साथ मौसमी मज़दूरी करें और घर के काम संभालें, आदि। माता-पिता लड़कियों की तुलना में लड़कों की शिक्षा में अधिक रुचि रखते हैं क्योंकि उन्हें लगता है। डॉ मीना ने कहा कि लड़कियों की शादी कर दी जाएगी, जिससे शिक्षा की लागत बढ़ जाएगी, आदि। इस प्रकार भारत में लड़कियों के लिए प्राथमिक शिक्षा महिलाओं के लिए एक दूर का सपना बनी हुई है। डॉ मीना के विचारों को सुनकर महापंचायत में बैठी सभी महिलाओं ने भाषण की सराहना की व सभी मे जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया सबने अपने-अपने विचार रखने का हौसला बढ़ा । अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की तरफ से महिला पंचायत में मंच संचालन करने पर बहुत बहुत बधाई। संचालन के दौरान समाज की महिलाओं के विकास और उन्नति की राह पर चलने के लिए आपके संदेश सराहनीय रहे। महिला महापंचायत में आपके द्वारा किया गया मंच संचालन से महिलाओं को इतना प्रभावित किया की उपस्थित सभी महिलाएं मंच पर जाकर अपने-अपने विचार व्यक्त करने को उत्साहित हो गई।

## समृद्धिकोन 2024 का हुआ भव्य आयोजन

कार्यक्रम में वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर हुआ प्रसिद्द विशेषज्ञों का उद्बोधन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,( का.स. )।** यूनाइटेड प्राइवेट क्लिनिक्स एंड हॉस्पिटल्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा चिकित्सकों को वित्तीय प्रबंधन के लिए जागरूक एवं शिक्षित करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन समृद्धि कोन 2024 का आयोजन जयपुर में किया गया। आयोजन समिति के सचिव डॉ अवनीश ओझा ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हार्ट सर्जन एवं पूर्व सांसद डॉ कर्ण सिंह यादव थे तथा विशिष्ट अतिथि राजस्थान मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ गिरधर गोपाल गोयल थे।समृद्धि कोन के उद्घाटन कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ राज शेखर यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ कर्ण सिंह यादव ने इस तरह के सम्मेलन को लाभदायक बताया। आयोजन समिति के सचिव डॉ प्रेम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए देश भर से चार सौ चिकित्सक जयपुर आए।सम्मेलन के दौरान वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रसिद्द विशेषज्ञों के उद्बोधन हुए। उपचार स्टेट कार्यकारिणी के सदस्य डॉ लोकेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर उपचार द्वारा दो वरिष्ठ सदस्यों, बहरोड़ के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ वीडी गुप्ता एवं नीम का थाना के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आर पी यादव को उनकी अतिविशिष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए उपचार फिलेनथ्रोपी पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपचार द्वारा के स्मारिका का भी प्रकाशन किया गया जिसका संपादन उपचार के प्रदेश प्रवक्ता डॉ कांतेश खेतानी ने किया। इस आयोजन में उपचार की प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्यों डॉ सुनील कुमार गरसा, डॉ विवेक साबू, डॉ राजपाल लांबा, डॉ रामदेव चौधरी , डॉ विजय बत्रा, उपचार को महिला विंग की अध्यक्ष डॉ ऋतु शर्मा एवं सचिव डॉ प्रिया गोयल, एवं उपचार की जयपुर इकाई के सचिव डॉ राजवेंद्र चौधरी एवं कार्यकारी सदस्य डॉ देवेंद्र चौधरी का विशेष योगदान रहा।

सम्मेलन के दौरान मंच संचालन का कार्य डॉ गीतिका जैन एवं डॉ पराग गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपचार के प्रदेश प्रवक्ता डॉ कांतेश खेतानी ने सभी प्रतिभागियों, विशेषज्ञ वक्ताओं एवं इवेंट पार्टनर्स का आयोजन समिति की ओर से आभार व्यक्त किया। समृद्धि कोन में भाग लेने वाले बहुत से प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन के आयोजन की उपयोगिता को देखते हुए इसे प्रति वर्ष आयोजित किए जाने की मांग की है।

## एएमपीएल - 2025 में स्टार्स, ब्लास्टर्स, रॉयल्स और क्वींस ने जीता अपने मैच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** एएमपीएल के आठवें संस्करण के दूसरे दिन चार मुकाबले हुए। आयोजन सचिव, भगवान दास मंगल ने बताया कि दूसरे दिन के पहले मैच में टोंक रोड स्टार्स ने सुभाष नगर सनरॉज़र्स को 10 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच डिम्पल गोयल रहीं जिन्होंने 21 गेंदों में ताबड़तोड़ 6 चॉको और 2 छक्कों की मदद से 48 रन जोड़े । दूसरा मैच अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स और मालवीय नगर चैलेंजर्स के बीच हुआ जो ब्लेज़र्स ने 8 विकेट से जीत लिया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच राज गुप्ता रहीं जिन्होंने 26 गेंदों पर 5 चॉको की मदद से 34 रन जड़े और गेंदबाज़ी में 1 विकेट लिया। अध्यक्ष, सुरेश लश्करी ने बताया कि लीग में तीसरा मैच देवी नगर रॉयल्स वेर्सिस सुभाष नगर सनरॉज़र्स के बीच हुआ जिसे रॉयल्स ने 66 रन से जीत लिया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच अपूर्वी रहीं जिन्होंने 17 गेंदों में 3 चॉको की मदद से 27 रन बनाए। दिन का आखिरी मैच में निर्माण नगर राइडर्स और मानसरोवर क्वींस के बीच हुआ जिसे क्वींस ने 10 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच रहीं मोनिका जिन्होंने 32 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 46 रन बनाए। गौरव है कि एएमपीएल महाकुंभ के पहले दिन खेल गया दूसरा मैच देवी नगर रॉयल्स ने नहीं मानसरोवर क्वींस ने जीता था।

## राज्य की पहली कार-टी सेल थेरेपी : कैंसर उपचार की नवीनतम तकनीक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों ने राज्य की पहली कार-टी सेल थेरेपी 26 वर्षीय स्टूडेंट के कैंसर उपचार के दौरान दी है। कैंसर उपचार की नवीनतम तकनीक का राज्य में यह पहला केस बीएमसीएचआरसी के मेडिकल एंड हेमेटो ऑन्कोलॉजी के विशेषज्ञों की टीम की ओर से किया गया।

चिकित्सालय के ब्लड कैंसर एंव बोन मेरो ट्रांसप्लांट विषेषज्ञ डॉ प्रकाष सिंह शेखावत की ओर से की गई इस थेरेपी ने रोगी को कैंसर मुक्त करने की दिषा में बड़ी सफलता हासिल की है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ अजय बापना ने बताया कि कार टी-सेल थेरेपी देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी है जिसे काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल थेरेपी भी करते है। यह जीन थेरेपी का एक रूप है। इस जीन-बेस्ड थेरेपी को देश के बाहर इसकी कीमत के लगभग दसवें हिस्से पर देश में तैयार किया गया है। डॉ शेखावत ने बताया कार-टी सेल थेरेपी के लिए रोगी की प्रतिरक्षा कोशिकाओं, विशेष रूप से टी कोशिकाओं को संशोधित करने और उन्हें कैंसर से लड़ने के लिए तैयार करने के लिए जटिल इंजीनियरिंग की आवश्यकता होती है। कार टी-सेल थेरेपी की जरूरत उन मरीज़ों को होती है जिनका कैंसर उपचार के बाद वापस आ गया है या जिन रोगियों में उपचार के बाद भी रोग ठीक नहीं हो रहा हो। और यह थेरेपी, ल्यूकेमिया, लिम्फ़ोमा, और मल्टीपल मायलोमा जैसे कुछ तरह के रक्त कैंसर के इलाज में कारगर है। और हम इन कोशिकाओं को टर्बो चार्जड टी सेल कहते है।

### हर रोगी के स्वास्थ्य के आधार पर तैयार होती है थेरेपी

डॉ शेखावत ने बताया कि यह थेरेपी हर रोगी के लिए कस्टमाइज होती है। इसमें मरीज के शरीर से टी कोशिकाएं लेकर उन्हें कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए बदला जाता है। यह प्रक्रिया आईआईटी बॉम्बे की संबंधित लैब में होती है। जिसके तहत रोगी के ब्लड में मौजूद टी सेल को इस तरह प्रोसेस किया जाता है कि वह रोगी की बॉडी में जाकर कैंसर सेल को खत्म कर सके। इस प्रक्रिया में करीब एक माह का समय लगता है।

उसके बाद रोगी की थेरेपी शुरू होती है। यह आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम देन है। डॉ शेखावत ने बताया कि इसे लिविंग ड्रग्स अर्थात जीवित दवाई इम्यूनोथेरेपी भी कह सकते है। इस प्रक्रिया में रोगी को संक्रमण का खतरा अधिक होता है, इसलिए यह पूर्ण विशेष रूप से तैयार उपचार विंग में ही की जाती है।

## पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन (बाइक) भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर गिरधर सिंह (27) निवासी मीनावाला करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी ने पूछताछ में भट्टा बस्ती,बिंदायका, करधनी,महेश नगर में आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। गिरफ्तार आरोपित नशे का आदि है और अपने शौक-मस्ती के लिए वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# सुशासन में जनसहभागिता महत्वपूर्ण, आमजन को मिले उन्नत सुविधाओं का लाभ : मेघवाल



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सोमवार को चूरू आए और जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित 'सुशासन कार्यशाला' में शिरकत की। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, श्रीकुमार लखोटिया, वासुदेव चावला, बंसत शर्मा, ओम सारस्वत, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में नवाचार व सुशासन गतिविधियों की जानकारी दी और मुख्य अतिथि मेघवाल को चंदन की लकड़ी से बनी कलाकृति व पंच गौरव से जुड़े उत्पाद स्मृति -चिन्ह के रूप में भेंट किए। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि सुशासन को स्थापित करने में जनसहभागिता महत्वपूर्ण है। शासन-प्रशासन समन्वय से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सोच को साकार करते हुए सुशासन स्थापित करने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नवाचारी गतिविधियों के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें। नवाचारों और जनकल्याणकारी निर्णयों के माध्यम से बेहतरीन सुविधाओं का लाभ आमजन को मिले। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे नवाचार हर क्षेत्र में बेहतरीन उपलब्धियों में परिलक्षित होंगे। आमजन को बेहतरीन सुविधाओं का लाभ मिलेगा और इसमें अधिकतम जनसहभागिता के लिए जनप्रतिनिधि अपेक्षित सहयोग करेंगे। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि आमजन को बेहतरीन सुविधाओं का लाभ मिले और शासन- प्रशासन मिलकर एकजुट रहते हुए सुविधाओं के विकास के लिए काम करें व सुशासन ही अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का परम ध्येय हो। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जिले में नवाचारों एवं सुशासन गतिविधियों की जानकारी दी।

इस दौरान एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एसीईओ शुभम शर्मा, तहसीलदार अशोक गौरा, एपीआरओ मनीष कुमार, अभिषेक चोटिया, सुशील लाटा, श्रीराम पीपलवा, नरेन्द्र काछवाल, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र सैनी, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, डॉ निरंजन चिरानिया, अख्तर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार सोनी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे।

# माहेश्वरी महिला समिति की सदस्याओं ने शपथग्रहण में रेम्प पर किया कैटवॉक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( नि.स. )।** माहेश्वरी महिला समिति का शपथग्रहण समारोह आज श्रीनाथ मार्ग स्थित माहेश्वरी पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्याओं ने भारतीय संस्कृति को दर्शाने वाली पहिचान अनेकता में एकता रेम्प पर कैटवॉक कर इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज की पूर्व कोषाध्यक्ष कौशल्या गट्टानी ने समिति की नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनीता जागेटिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर श्रीमती गट्टानी ने सभी महिलाओं को एकजुट हो कर कार्य करने की प्रेरणा दी। समिति की सचिव राजश्री सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि पश्चिमांचल की सह प्रभारी बिजनेस वूमन श्रद्धा गट्टानी थी। श्रद्धा गट्टानी ने महिलाअे को अपनी जीवन शैली सुधारनें व टाईम मेनेजमेन्ट के गुर सिखायें। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लीला देवपुरा को समाज गौरव,सुनीता जागेटिया को समाज भूषण व ओमप्रकाश काबरा को भक्त शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति की उपाध्यक्ष मनोरमा मूंदड़ा,व कोषाध्यक्ष ललिता बिरला ने जिलाध्यक्ष मंजू गांधी व सरिता न्याती,माहेश्वरी महिला गौरव की आशा नरानीवाल,सीमा लाहोटी व कविता बल्दवा का स्वागत किया। अनेकता में एकता के तहत विभिन्न राज्यों के परिधानों में महिलाओं ने रेम्प पर कैटवॉक कर दर्शकों का मनमोह लिया। प्रथम स्थान पर आरती तोषनीवाल रही,जिसे कौशल्या गट्टानी व सुनीता जागेटिया ने क्राउन पहना कर पुरूस्कृत किया। द्वितीय पूर्णिमा दरगड़ रही। बेस्अ परफोर्मेन्स में शिल्पा नुवाल,पुष्पा बूब, अनुपमा मूंदड़ा व नेहा को परूस्कृत किया गया। समारोह में गीता काबरा,पुष्पा तोषनीवाल,नंदा गट्टानी,मंजू माहेश्वरी,शीला जागेटिया, नम्रता सोनी,सरिता झंवर,दीपिका नुवाल,सोनिया मालू,आरती नेहा आदि मौजूद थी। अंत में सचिव राजश्री सोमानी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन उषा काबरा ने किया।

# स्कूली छात्रों के साथ मनाया क्रिसमस पर्व

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि ने गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल, उपली बाड़ी में छात्रों के साथ मिलकर क्रिसमस का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक कल्याण का संदेश देना था। क्लब संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि क्लब सदस्यों ने बच्चों को उपहार, मिठाई और शैक्षिक सामग्री वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन ने न केवल उत्सव की खुशियाँ बांटीं बल्कि बच्चों को प्रेरित करने का कार्य भी किया।

## बोरवेल बन रहे मासूमों के लिये काल .......

# कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढ़ाणी बड़ीयाली में बोरवेल में गिरी 03 वर्षिय बालिका

- सोमवार दोपहर की घटना, बालिका को बचाने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास जारी
- लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद भी ना आमजन को सबक, ना चेत रहा प्रशासन
- जयपुर से पहुंची एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कम्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** दौसा के ग्राम कालीखाड़ में विगत दिनों 05 वर्षिय बालक आर्यन के बोरवेल में गिर कर दम तोड़ देने की घटना लोग भुले नहीं थे कि सोमवार दोपहर करीब 02.30 बजे कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढ़ाणी बड़ीयाली में एक 03 वर्षिय बालिका बोरवेल में गिर गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढ़ाणी बड़ीयाली निवासी भूपेन्द्र चौधरी की 03 वर्षिय बालिका चेतना अपनी बड़ी बहन के स्कूल से लौटने के बाद घर के बाहर खेलने गई थी। जहाँ दो दिन पूर्व ही खोदे गये बोरवेल में वह अचानक पैर फिसलने से गिर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरवेल से दो दिन पूर्व ही प्लास्टिक का पाईप निकाला गया था। जिस पर कोई सीमेंटेड पत्थर रखा गया था। चेतना की बड़ी बहन ने बताया कि उसने अचानक वह पत्थर हटा दिया एवं फिसलकर उसमें गिर गई। चेतना की बहन ने यह बात अपने माता-पिता को बताई तो हडकम्प मच गया। जिसकी सूचना तुरन्त सरूण्ड थाना पुलिस को दी गई। पुलिस प्रशासन को यह सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई। आनन-फानन में मौके पर सरूण्ड थाना पुलिस समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंच गये एवं जेसीबी से खुदाई कर बालिका का रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक हंसराज पटेल, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, पूर्व जिला पार्षद धूड़ सिंह शेखावत समेत अन्य मौके पर जमा रहे।

**जयपुर से पहुंची एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम**

रेस्क्यू ऑपरेशन के लिये जयपुर से एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। जिसे पहुंचने में थोड़ा समय भी लगा। बचाव कार्य के दौरान पहले कैमरा व ऑक्सीजन भी डाला गया। जिसमें सामने आया कि बच्ची सर के बल करीब 140 फिट गहराई पर बोरवेल में फंसी हुई है। जहाँ से बच्ची के रोने की आवाज भी रूक-रूक कर आ रही है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जमा है एवं बालिका को रेस्क्यू करने के निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। वहीं प्रशासन द्वारा मौके पर बैरीकेडिंग भी करवाई गई है।



**ना आमजन को सबक, ना चेत रहा प्रशासन :** प्रदेश भर में विगत 04 माह के दौरान करीब आधा दर्जन घटनायें बच्चों के बोरवेल में गिर कर जान गंवाने की हो चुकी है। लेकिन इसके बावजुद भी ना तो प्रशासन कोई कार्यवाही कर रहा है एवं ना ही आमजन को सबक मिल रहा है। सोमवार को किरतपुरा में हुई घटना में भी भारी लापरवाही देखने को मिल रही है।




# नीरजा मोदी स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव पंजाब के गवर्नर गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आथित्य में हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल के भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के गवर्नर महामहिम गुलाबचंद कटारिया तथा विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारीता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उदयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष यशवंत आंचलिया, सुरेश गुंदेचा, उद्योगपति व समाजसेवी, संकेत मोदी, पेसिफिक ग्रुप के सीईओ शरद कोठारी और खेल अधिकारी महेश पालीवाल थे। स्कूल के संस्थापक प्रोफेसर रणजीत सिंह सोजतिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही चैयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया, सेक्रेट्री श्रीमती रीना सोजतिया, ट्रस्टी डॉ. ध्रुव सोजतिया, श्री नेहल सोजतिया, स्कूल की निदेशिका साक्षी सोजतिया, एडवाइजर डॉ मुकेश श्रीमाली एवं श्रीमती शुभा गोविल एवं प्राचार्य डॉ. ब्रजराज सिंह बाघेला मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं विद्यालय आर्केस्ट्रा की मधुर धुनो के साथ किया गया। स्कूल की बालिकाओं ने देवी शक्ति पर आधारित अद्भुत नृत्य किया। विद्यालय की विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट एवं उपलब्धियां प्राचार्य एवं हेड बॉय दैविक वीरवाल, हेड गर्ल तेजश्री शर्मा, हिरल शर्मा, गर्वित शर्मा, मनादित्य सिंह झाला ने प्रस्तुत की जिसकी सभी अभिभावकों ने सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का शॉल, उपरना, मेवाड़ी पाग एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव में थीम 'द हाउस ऑफ़ मैजिक' और 'मिट्टी से मार्स तक' के अनुसार प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि महामहिम गुलाबचंद कटारिया ने अपने आशीर्वचनों से विद्यालय को निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं देते हुए कहा की नीरजा मोदी स्कूल उदयपुर शहर में विश्व स्तरीय शिक्षा मुहैया करवा रहा है तथा कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसे राष्ट्र निर्माण संभव है, 2047 में भारत के पुन विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने का स्वप्न शिक्षा से ही संभव हो पाएगा जिसमें सोजतिया परिवार भी अपना पूर्ण योगदान दे रहा है। विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व स्तर पर अपना स्थान बनाने हेतु उच्च गुणवत्ता की शिक्षा की महती आवश्यकता को सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल पूर्ण मनोयोग से कर रहा है तथा वर्तमान में विद्यालय एवं उसकी विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियां इसका प्रमाण है। चैयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां उन्हें अपनी रुचि और कला को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार के आयोजनों से मनोरंजन के साथ छात्रों में आत्म-विश्वास भी बढ़ता है।




# करंट लगने से पिता पुत्री की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** भादासर गांव में करंट लगने से पिता-पुत्री की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामलाल व उसकी बेटी आईना खेत में काम कर रहे थे। इस दौरान बिजली पोल की ताण में करंट आ गया जिससे रामलाल के करंट लगते देख उसकी पुत्री बचाने आई तो वह भी चपेट में आ गई। पड़ोसी खेत के नेमाराम ने परिजनों को सूचना दी व तुरंत अस्पताल लाये । जहां डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमॉर्टम कर जांच शुरू की। मृतक के भाई लिछीराम जाट की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ। रामलाल के दो बेटियां और दो बेटे है। आईना दूसरे नंबर की बेटी थी।



## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बाबूलाल शर्मा पुत्र श्री चेतराम शर्मा निवासी सैनिक नगर वार्ड नं. 01 झुझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं का एक रिहायशी मकान जो दीनदयाल/सैनिक नगर वार्ड नं. 01. नगर पालिका झुझुनूं में अवस्थित है, जो उनका स्वंय के मालिकाना हक का है। उसका विवाद न्यायालय सिविल न्यायाधीश झुंझुनूं में विचाराधीन हैं जो उनवान बाबूलाल बनाम महेश व मु. नं. 38/24 है। जिसमें न्यायालय द्वारा दिनांक 04.06.2024 को स्थगन आदेश पारित किया है कि विवादित सम्पत्ति की मौके व रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखे इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विवादित स्थल (रिहायशी भू-खण्ड) को कोई भी व्यक्ति या संस्था, बैंक एंव अन्य किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन ना करें क्योंकि उक्त सम्पत्ति पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित कर रखा है।

इसलिए किसी भी प्रकार के लेन-देन होने पर नुकसानी होने के लिए वह व्यक्ति स्वंय जिम्मेदार होगा और न्यायालय के आदेश की अवहेलना किये जाने पर न्यायालय में उसके विरूद्ध अवमानना की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**Sandeep Saini Advocate**
**District Court, Jhunjhunu**
**Mob. No. 9351490381**


# मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के महाविद्यालयों में प्रकृति परिक्षण अभियान का लगा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन द्वारा संचालित महाविद्यालयों में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके परमुख्य अतिथि जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रो. गुलाबचन्द पमनानी ने स्वयंसेवकों को देश का प्रकृति परिक्षण अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को देश के प्रकृति परिक्षण अभियान का ऐप डाऊनलोड कर रजिस्ट्रेशन करवाया। जिससे की विद्यार्थिअपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह सकें। इस मौके पर महाविद्यालय निदेशक अंजू मीणा, मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा, के साथ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ललतेश जांगिड़, डॉ बी. एल. स्वामी तथा एनएसएस प्रभारी नरेश कुमार जिलोवा, भोमसिंह गुर्जर सहित विद्यार्थी एवं स्टॉफजन मौजूद रहे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बानसूर द्वारा उपखंड कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर सहायक अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया हैं की भारत सरकार के गृहमंत्री अमितशाह की और से बाबासाहेब अम्बेडकर के नाम से दिए गए बयान के विरोध में दिया गया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गृहमंत्री के बयान से देश के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान हुआ है। ज्ञापन में इस बयान को न केवल संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ बताया गया है बल्कि इसे समाज में सामाजिक और भेदभावपूर्ण मानसिकता को बढ़ावा देने वाला भी करार दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अंबेडकर सर्किल से पैदल मार्च करते हुए उपखंड कार्यालय पर एकत्रित हुए और सरकार से यह मांग की गृहमंत्री अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दि कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। रणजीत कसाना ने कहा की बाबा अंबेडकर की विरासत और उनके योगदान पर सवाल उठाना देश के संविधान पर सवाल उठाना के सम्मान है इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भीम सिंह गुर्जर मुकेश सैनी रणजीत कसाना सावंत चनेजा सुंदरलाल भूपसिंह सुरेला राधेश्याम सुबहसिंह प्रदीप और भीमराव अम्बेडकर विचार मंच बानसूर , मेघवाल विकास समिति के सदस्यों सहित सर्व समाज के लोग मोजूद रहे ।





1.2 Abridged NIB

**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER WCDC ZILA PARIHAD TONK**

No: 1641 Date: 16-12-2024

**NOTICE INVITING BID**

**NIB No 03-04-05-06-07-08-09-10-11/2024-25**

Bids for (09 Packages) Construction of various kachcha & Pakka works under MJSA 2.0 Phase I in Tonk District work [Name(s) of work(s) of Procurement) of estimated value INR 845.47 Lacs (143.70+ 148.00+ 61.62+ 39.85+ 119.27+ 112.26+ 49.02+ 43.21+ 128.54) are invited from interested bidders up to 26-12-2024 (time), 06.00 PM [date]. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, UBN No. is as follows

1. WSC2425WSOB00864
2. WSC2425WSOB00865
3. WSC2425WSOB00866
4. WSC2425WSOB00868
5. WSC2425WSOB00869
6. WSC2425WSOB00870
7. WSC2425WSOB00871
8. WSC2425WSOB00872
9. WSC2425WSOB00873

**SE&PM**
**WCDC, ZILA PARISHED, TONK**
**Email: dwdu.tonk@gmail.com**

## सम्पादकीय

### इस महीने के अंत तक भरी जाएंगी मेडिकल सीट, स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति देख लिया गया फैसला

भारत में चिकित्सकों की कमी को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित किया है। दरअसल, अदालत ने मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में खाली पड़ी सीटों को भरने का निर्देश देते हुए कहा कि देश में डाक्टरों की पहले ही इतनी कमी है, उसमें सीटें बर्बाद नहीं जानी चाहिए। इस महीने के अंत तक काउंसिलिंग करा कर उन सीटों को भरा जाए। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्दशा पर जब-तब सवाल उठते रहते हैं।

लगभग सभी अस्पतालों में चिकित्सकों के बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं। इस मामले में ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों की दशा सबसे खराब है। सरकार ने खुद स्वीकार किया था कि मार्च 2022 तक ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्जन, चिकित्सकों, स्त्री रोग विशेषज्ञों और बाल रोग विशेषज्ञों की लगभग अस्सी फीसद कमी थी। यूनेस्को भी कई बार बता चुका है कि भारत में एक हजार लोगों पर एक से भी कम चिकित्सक हैं। ऐसी स्थिति में, अगर चिकित्सक तैयार ही नहीं होंगे, तो इस कमी को पूरा कैसे किया जा सकेगा। हालांकि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी के अन्य कई कारण भी स्पष्ट हैं। पहले तर्क दिया जाता था कि हमारे यहां इसलिए जरूरत के मुताबिक योग्य चिकित्सक नहीं तैयार हो पा रहे कि मेडिकल कालेजों में सीटें बहुत कम हैं। इसके मद्देनजर कुछ नए कालेज खोले गए और सभी कालेजों में सीटें बढ़ा दी गईं। इस तरह पिछले दस वर्षों में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें बढ़ कर करीब दोगुनी हो गई हैं।

इसके अलावा हर वर्ष हजारों विद्यार्थी विदेशी संस्थानों से पढ़ाई करके वापस लौटते हैं। फिर, निजी अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनमें चिकित्सकों की कमी नजर नहीं आती। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी की बड़ी वजह उनमें भर्तियों पर गंभीरता से ध्यान न दिया जाना है। ग्रामीण इलाकों में चिकित्सकों की कमी दूर करने के मकसद से नियम बनाया गया था कि चिकित्सा की पढ़ाई के बाद हर डाक्टर को कम से कम एक वर्ष ग्रामीण इलाकों में जाकर सेवा देनी होगी, मगर उस नियम का गंभीरता से पालन नहीं हो पाता। हर डाक्टर शहर में रहना चाहता है। वहां उसे कमाई के अधिक मौके नजर आते हैं। इन स्थितियों में शीर्ष अदालत की टिप्पणी को न केवल मेडिकल कालेजों में खाली पड़ी सीटों, बल्कि व्यापक अर्थ में लेने की जरूरत है। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर इसीलिए अधिक संघर्ष देखा जाता है कि वहां से निकलने के बाद युवाओं को एक तरह से रोजगार की गारंटी होती है। वे निजी तौर पर भी अपना चिकित्सालय खोल कर अच्छी कमाई कर लेते हैं। मगर चिंता उस बहुसंख्यक आबादी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को लेकर है, जो अपने इलाज पर पैसे खर्च कर पाने में सक्षम नहीं है। फिर, बहुत सारे योग्य चिकित्सक बेहतर वेतन और सुविधाओं के मोह में दूसरे देशों का रुख कर लेते हैं। यही वजह है कि अनेक रोगों के विशेषज्ञों की भारी कमी बनी हुई है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर विशेष

# उपभोक्ता के बढ़ते शोषण पर अंकुश जरूरी

**उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है।**

**ललित गर्ग**



भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णत: नियंत्रण हो। इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है।

उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमत: इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है। बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक् सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक् दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है। सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है 'जागो ग्राहक जागो' जैसे अभियान। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाली एनजीओ कट्स (सीयूटीएस) इंटरनेशनल ने समय-समय पर सर्वे के माध्यम से पता लगाया है कि कितने उपभोक्ता ठगे जाते है और कितने उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। उपभोक्ता मंत्रालय के व्यापक जागरूकता अभियान के बावजूद गलत उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी ठगी के शिकार 90 प्रतिशत लोगों ने तो कभी शिकायत ही नहीं की है। चार से पांच प्रतिशत उपभोक्ता ही कंपनी या उत्पाद निर्माता के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में आनलाइन खरीद और साइबर क्राइम में वृद्धि के चलते लोगों में अपने आप जागरूकता बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के लोग कुछ ज्यादा जागरूक हुए हैं, जबकि गांवों के लोग अभी भी अनजान हैं। गांवों के लोग यह भी नहीं जानते कि खरीदारी से पहले आईएसआई, आईएसओ एवं एगमार्क जैसे गुणवत्ता प्रमाणन की छानबीन करनी चाहिए। इंटरनेशनल कंज्यूमर पालिसी एक्सपर्ट प्रो. बीजान मिश्रा का कहना है कि अगर किसी से प्रेरित होकर कोई व्यक्ति उचित फोरम में चला भी गया तो गारंटी नहीं कि उसे समाधान मिल ही जाए। शिकायत दर्ज कराने वाले केवल 18 से 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही संतोषजनक समाधान मिलता है। बाकी को या तो समाधान नहीं मिला या कार्रवाई से संतुष्टि नहीं मिली।

हालांकि सुखद संकेत है कि कई मामलों में त्वरित समाधान मिलने से उपभोक्ता निवारण तंत्र पर भरोसा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ई-प्लेटफार्म पर भरोसा नहीं होने पर भी खरीदारी बढ़ रही है। एक सर्वे में बात आई है कि शहरों में 56 प्रतिशत उपभोक्ता आनलाइन खरीद करने लगे हैं। हालांकि अलग बात है कि उन्हें आनलाइन खरीदे गए उत्पादों की गुणवत्ता पर भरोसा फिर भी नहीं होता। आज की बाजार शक्तियां उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा हैं। जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही हैं। कोई भी चीज मिलावटरहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है। इतना ही नहीं, उपभोक्तावादी संस्कृति ने भोगवादी जीवन जीने के लिए मनुष्य के समक्ष नए आयाम प्रस्तुत किए हैं तथा उसे सुविधाभोगी बना दिया है। भोग्य वस्तुओं का उपयोग ही जीवन का प्रमुख लक्ष्य बन गया है।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**




सुखबीर तंवर
( कैंसर रोग विशेषज्ञ )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है डॉक्टर सुखबीर तंवर। 17 जुलाई सन 1986 को ग्राम भिवाड़ी तहसील तिजारा जिला अलवर में जन्मे डॉक्टर सुखबीर तंवर बचपन से ही होनाहार विद्यार्थी रहे। कक्षा 2 तक ग्राम में सरकारी स्कूल में अध्ययन किया तीसरी से और आठवीं तक इंग्लिश मीडियम स्कूल एक गांव के पास ही था वहां अध्ययन किया । कक्षा 8 से 12वीं तक शिवलाल सिंह पब्लिक स्कूल सिद्रावली ग्राम हरियाणा में किया। एमबीबीएस गीतांजलि मेडिकल कॉलेज उदयपुर में सन 2008 में किया । प्रथम पोस्टिंग सन 2015 में पस रामगढ़ ब्लॉक कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा में मिली इसके बाद इन्होंने एमडी सन 2018 में महात्मा गांधी हॉस्पिटल जयपुर से किया । एमडी के बाद 2021 में पोस्टिंग एमडी अलवर 2022 में सीनियर रेजिडेंट करने एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर गए 2023 को वापस अलवर पोस्टिंग ली । कैंसर के मरीजों का रिकॉर्ड रखा 2021 में 1168 मरीज थे 2022 में 2883 मरीज हुए 2023 में 9139 मरीज हुए 2024 में 16000 मरीज होने पर चिंता जताई और लोगों को अवेयर करने का जिम्मा उठाया। कड़ी मेहनत कर इतने मरीजों का उपचार करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और कैंसर जैसी घातक बीमारी में लोग अवेयर रहे इसका प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए जगह-जगह अवेयरनेस कैंपेन लगाकर शिविर लगाकर लोगों को समझाइश कर रहे हैं सामान्य चिकित्सालय में इस समय कैंसर स्पेशलिस्ट के तौर पर लोगों को उपचार दे रहे हैं। हर आने जाने वाले मरीज और उनके परिजनों से बहुत बेहतरीन से बात करके उन्हें उचित सलाह में मार्गदर्शन देते हैं अलवर में सामान्य चिकित्सालय में बैठने वाले पहले कैंसर रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 24 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्वीडन की सेना ने 1715 में नार्वे पर कब्जा किया।
- रूस और ब्रिटेन के बीच 1798 में दूसरे फ्रांस विरोधी गठबंधन पर हस्ताक्षर।
- कलकत्ता में 1894 में पहले मेडिकल कांफ्रेस का आयोजन।
- क्रोयडोन लंदन की एयर फील्ड में 1924 में हुई विमान दुर्घटना में 8 लोगों की मृत्यु हो गई।
- अल्बानिया सन 1924 में गणतंत्र बना।
- सोवियत संघ ने 1962 में नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- चीन ने 1967 में लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- वियत संघ ने 1979 में अफगानिस्तान पर आक्रमण किया।
- लोटस टेंपल 1986 में श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था।
- भारत में 1986 में संसद द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। इसलिए भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- देश का पहला अम्यूजमेंट पार्क 'एसेल वर्ल्ड' 1989 में महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में खोला गया।
- ताजिकिस्तान में गृहयुद्ध को समाप्त करने के लिए 1996 में समझौता सम्पन्न।
- विश्वनाथन आनंद 2000 में विश्व शतरंज चैंपियन बने।
- दिल्ली मेट्रो का शुभारंभ 2002 में शहादरा तीस हज़ारी लाईन से हुआ था।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने 2003 में 30 जून, 2004 को इराक में सत्ता सौंपने की तैयारी शुरू की।
- यूरोपीय संघ ने 2005 में 'खालिस्तान जिन्दाबाद फ़ोर्स' नामक संगठन को आतंकी सूची में शामिल किया।
- सन 2006 में हुयी शिखर बैठक में फ़िलिस्तीन को इस्रायल कई सुविधाएँ देने के लिए तैयार।
- मंगल ग्रह के रहस्यों की खोज करने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी यान मार्स ने 2007 में मंगल ग्रह की कक्षा में अपने चार हज़ार चक्कर पूरे किये।
- क्यूबा की सरकार ने 2011 में 2900 कैदियों को रिहा करने की घोषणा की।
- चीन के जियांगसी में 2012 में एक वैन पलटने से 11 केजी स्कूल के 11 बच्चों की मौत।
- अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय को 2014 में भारत रत्न देने की घोषणा हुई।

### 24 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, गाँधीवादी और पत्रकार भोगराजू पट्टाभि सीतारामैया का जन्म 1880 में हुआ।
- प्रसिद्ध पत्रकार और साहित्यकार बनारसीदास चतुर्वेदी का जन्म 1892 में हुआ।
- अमेरिकी अभिनेत्री आवा गार्डनर का जन्म 1922 में हुआ।
- स्वतंत्रता सेनानी एवं महादेव देसाई के पुत्र नारायण भाई देसाई का जन्म 1924 में हुआ।
- भारतीय गायक मुहम्मद रफ़ी का जन्म 1924 में हुआ।
- पत्रकार एवं साहित्यकार उषा प्रियंवदा का जन्म 1930 में हुआ।
- अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करज़ई का जन्म 1957 में हुआ।
- भारतीय अभिनेता अनिल कपूर का जन्म 1959 में हुआ।
- भारतीय हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री प्रीति सप्रू का जन्म 1961 में हुआ।

### विशेष आलेख

# संसद के कलुषित परिवेश का जिम्मेवार कौन?

**प्रियंका सौरभ**



पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौक़ा ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाज़ी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ़-साफ़ रखें और सरकार साफ़-साफ़ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाज़ी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मज़ाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाज़ा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज़ हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? ज़रा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज़ एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए ख़र्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का ख़र्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन ख़र्च और बढ़ जाता है। ज़रा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। ज़ाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मज़ाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए ख़र्च हो जाएं। ज़रा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हज़ारों गांवों की क़िस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले ख़र्च से बदल सकती है। लाखों ग़रीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हज़ारों नौजवानों की क़िस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित ज़रूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं? एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज़ हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। हक़ीक़त यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए। लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी क़िस्म का हंगामा करने वाले सांसद के ख़िलाफ़ ख़ुद-ब-ख़ुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त, क्योंकि वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर ग़लत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृष**
सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी।

**मिथुन**
आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

**कर्क**
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

**सिंह**
विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**कन्या**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**तुला**
सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।

**वृश्चिक**
मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु**
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर**
स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

**कुंभ**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

**मीन**
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जैविक खेती व जैविक पशुपालन किसानो के लिए लाभ का सौदा:भागीरथ चौधरी

## सरकार किसानो व पशुपालको के विकास के लिए कर रही है हर संभव प्रयास:कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** केन्द्रीय केन्द्रीय कृषि, विज्ञान एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि वर्तमान समय में जैविक खेती व जैविक पशुपालन किसानो के लिए काफी लाभ का सोदा साबित हो सकता है। चौधरी सोमवार को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में किसान दिवस के मौके पर जैविक खेती एवं पशुपालन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि रसायनिक खेती व रसायनिक पशुपालन कुछ समय के लिए अच्छा हो सकता है। लेकिन इसका दोहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। रसायनिक खेती से खेती की जमीन की उपाजऊ क्षमता लगातार कम होती जाती है। वहीं रसायनिक पशुपालन से पशुओं के साथ साथ इंसान के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में किसानो व पशुपालको को अब वर्तमान समय की मांग को देखते हुए अपना पूरा ध्यान जेविक खेती व जैविक पशुपालन की ओर से देने की आवश्यकता है। चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सम्पूर्ण सरकार देश के प्रत्येक वर्ग विशेषकर किसानो व पशुपालनको के



सर्वागीण विकास को लेकर प्रयासरत है। इन प्रयासो का ही परिणाम है कि आज किसान व पशुपालक लगातार विकास के पथ पर अग्रसर होते जा रहे हैं। जलदाय मंत्री चौधरी ने मौजुद किसानो व पशुपालको से आव्हान करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली समूची प्रदेश सरकार भी प्रदेश के किसानो व पशुपालको के विकास के लिए कार्य कर रही है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाऐं लागू की है। किसानो व पशुपालको को इन योजनाओं का लाभ लेकर लगातार विकास के पथ आगे बढ़ते रहना है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के किसानो व पशुपालको की आय दोगुनी करने व विकसित करने के सपने को पूरा करने के लिए संस्थान के वैज्ञानिक लगातार प्रयासरत है। वैज्ञानिक कम खर्चे पर खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने व कम खर्चे पर पशुपालको को पौष्टिक आहार देकर अधिक आय प्राप्त करने के संबंध में अनेक अनुसंधान कर किसानो तक पहुंचा कर केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा को पूर्ण करने का कार्य कर रहा है। समारोह को अखिल भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी, कुलपति प्रो. आर.एस.चन्देल ने भी सम्बोधित किया।

वहीं कार्यक्रम में जैविक खेती पर डॉ. एस.सी.शर्मा व जैविक पशुपालन पर डॉ. डॉ. रणजीत सिंह गोदारा व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से प्रकाशित किसान व पशुपालको लिए प्रकाशित किसाबो का विमोचन किया गया।

### प्रदर्शनी का उद्घाटन कर किया अवलोकन

केन्द्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के संस्थान में आने पर सबसे पहले प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने अगवानी कर स्वागत किया। इसके बाद में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने प्रदेश के जलदाय मंत्री व अन्य अतिथियो के साथ किसान दिवस के मौके पर आयोजित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पुलिस व आरएसी के जवानो की टुकड़ी ने गार्ड आफ ऑनर की सलामी दी।

# योजनाओं को लागू करने व समस्याओं के हल करने में कोताही बर्दाश्त नहीं: कन्हैयालाल चौधरी

## ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो की बैठक लेकर जलदाय मंत्री ने दिए दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के विश्राम गृह स्थित सभागार में सोमवार को प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में मालपुरा ब्लाक के सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियो की आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मौजुद अधिकारियो को दिशा निर्देश देते हुए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश के आम जन के विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से कई जनकल्याणकारी योजनाऐं संचालित है। इसके अलावा सरकार आम जन की समस्याओं के त्वरित समाधान कर आम जन को राहत प्रदान करने के लिए सभी अधिकारियो को गांव ढाणी पहुंच कर समस्याओं को सुन त्वरित समाधान के निर्देश प्रदान किए हैं। चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशानुसार




कार्य कर आम जन को राहत प्रदान करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का पात्र लोगो को लाभ व समस्याओं के त्वरित समाधान के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बाबत किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने व जांच के बाद शिकायत सहीं मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जिसके लिए सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगा। बैठक में मौजुद उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियो से अपने अपने विभाग की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

### लगाया जनता दरबार :-

ब्लाक स्तरीय अधिकारियो की बैठक के बाद जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जनता दरबार लगाकर आम जन की समस्याओ को सुना। साथ ही प्राप्त समस्याओं से सम्बन्धित अधिकारियो को त्वरित समाधान के निर्देश प्रदान किए।

# आशीष बढ़ा रहे करौली का मान

## शैक्षिक उन्नयन के लिए दे रहे प्रदेश में प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन को मूर्त रूप प्रदान करने के सरकार के मिशन में करौली डाइट के व्याख्याता आशीष कांत कौशिक प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। इससे शिक्षा के क्षेत्र में करौली की नई पहचान भी कायम हो रही है। बीते एक माह से राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को शिक्षा के उत्कृष्ट केन्द्र बनाने के उद्देश्य से डाइटों में सेवारत व्याख्यताओं के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों कार्यक्रमों में राज्य स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक के रूप में आशीष कांत कौशिक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनकी इस भूमिका से करौली को शिक्षा क्षेत्र में नई पहचान भी मिल रही है। आशीष ने अभी हाल में 18 से 21 दिसम्बर को उदयपुर में आयोजित 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उदयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, चुरू व अलवर की डाइट संभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उनके साथ कोटा के सांवरिया सोनी ने भी प्रशिक्षण दिया। इससे पहले उन्होंने 25 से 28 नवम्बर तथा 10 से 13 दिसम्बर की अवधि में अलवर में 6 जिलों की डाइट की विभिन्न फैकल्टी के संभागियों को नई शिक्षा नीति के तहत शैक्षिणक उन्नयन को लेकर विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया था। उदयपुर से लौटकर आए आशीष ने बताया कि नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की की मंशा से सरकार द्वारा जिलों की डाइटों को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** आदर्श नगर स्थित आदर्श बालिका उमावि स्थित सेवा भारती कार्यालय में संध के तहसील संध चालक प्रहलाद राय शर्मा के सानिंध्य व समिति अध्यक्ष मधूसूदन पारीक की अध्यक्षता में समिति व रोटरी क्लब मालपुरा सिटी की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।

बैठक में हुए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए समिति के कार्यालय मंत्री भानुप्रताप नामा ने बताया कि बैठक में समिति सरंक्षक वैद्य रमेशचन्द शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती को इस बार सेवा में युवा थीम के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसे मौजुद सभी प्रबुद्धजनो ने सर्वसम्मति से पारित किया। साथ ही इस मौके मालपुरा व लाम्बाहरिसिंह में जयन्ती कें मौके पर 12 जनवरी 2025 को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ।

इस आयोजन के लिए 51 सदस्यो की आयोजन समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में गोविन्द नारायण विजय, रामदेव बैरवा, बन्नालाल बैरवा, योगेश टांक, कालूराम मीणा, महावीर प्रसाद बैरवा मौजुद रहे। साथ ही रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के डॉ. राकेश जैन, डॉ. अंकित जैन दूरभाष से बैठक से जुड़े रहे।

# श्री पार्श्वनाथ जन्म कल्याण महोत्सव 26 को

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पराना में पार्श्वनाथ जयंती पर भव्य जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। समाज के महामंत्री महेन्द्र जैन पराना ने बताया 26 दिसंबर को पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक के उपलक्ष में नित्य अभिषेक शांतिधारा, संगीतमय पारसनाथ विधान उसके बाद दोपहर 1 बजे वात्सल्य भोजन का आयोजन रहेगा। जिसमें जयपुर, कोटा, टोंक,निवाई , मालपुरा एवं अन्य जगह से सकल दिगंबर जैन समाज पराना के प्रवासी धर्मावलंबी उपस्थित रहेंगे।

# डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में कांग्रेस की 'सम्मान' रैली आज

## सब्जी मंडी से कलक्ट्रेट तक निकालेंगे पैदल मार्च

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** भाजपा सरकार के एक साल कार्यकाल की विफलताओं तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर सदन में की आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर बाबा साहब के सम्मान में कांग्रेस पार्टी %सम्मान% रैली निकलेगी। यह सम्मान रैली मंगलवार 24 दिसम्बर को गंगापुरसिटी विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना के नेतृत्व में फल सब्जी मंडी यार्ड उदेई मोड़ से दोपहर एक बजे शुरू होगी जो फव्वारा चौक, कोर्ट सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी।

जहां गृहमंत्री श्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर कलक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि यह मार्च शांतिपूर्ण रहेगा। इस सम्मान रैली में सैकड़ों अम्बेडकरवादियों के साथ जिले के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# पोश एक्ट के तहत जागरूकता शिविरों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वाधान में सोमवार को जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर सहित अधीनस्थ तालुकाओं खंडार, गंगापुर, बौंली, बामनवास में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 (पोश एक्ट) के तहत जागरूकता शिविरो का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं आमजन को अधिनियम के संबंध में जागरूक किया गया।

जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल (न्याय रक्षक) द्वारा यश दिव्यांग सेवा संस्थान सवाई माधोपुर में, तालुका गंगापुर सिटी पर पैनल अधिवक्ता माया जैन द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में, तालुका खंडार पर अधिकार मित्र संजीविका सोनी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टाइप-01 खंडार में, तालुका बौंली पर पैनल अधिवक्ता गणपत लाल गुर्जर, मो. जाहिद शिरवानी,अधिकार मित्र बामचंद भदौरिया, अखिलेश शर्मा द्वारा नगर पालिका बौंली में, तालुका बामनवास पर अधिकार मित्र आशीष कुमार सैन द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलाई में जागरूकता शिविर का आयोजन कर अधिनियम का उद्देश्य, लैंगिक उत्पीड़न का अभिप्राय, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कार्यस्थलो पर लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत के निवारण में आंतरिक परिवाद समिति की भूमिका, शिकायत के शी-बॉक्स पोर्टल पर पंजीकरण, लैंगिक उत्पीड़न के मामले में सजा का प्रावधान आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# पक्षी विला का शुभारम्भ आज

## राधा चौधरी सम्मानित अतिथि के रूप में करेंगी शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से शहर के अति प्राचीन बम्ब तालाब के मध्य स्थित छतरेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में जन सहयोग से 56 फुट पक्षी बिला बन का मंगलवार 24 दिसम्बर मंगलवार को शुभारम्भ होगा।

क्लब अध्यक्ष अमित विजय सचिव नरेश काबरा ने बताया कि बम्ब तालाब के मध्य स्थित छतरेश्वर महादेव मन्दिर परिसर स्थित उद्यान में 56 फुट ऊंचे पक्षी विला बनाने का निर्माण करवाया गया है।

जिसका विधिवत शुभारम्भ मंगलवार को दो बजे होगा। पवन जैन संगम ने बताया कि इस मौके पर सम्मानीय अतिथि के रूप में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी के अलावा अतिथि रोटरी इन्टरनेशनल के वर्ष 2024-25 के प्रान्तपाल राखी गुप्ता, वर्ष 2025-26 के जिला प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता, वर्ष 2025-26 के जिला प्रान्तपाल अरूण बगड़िया व रोश्री क्लब मालपुरा ग्रीन के वर्ष 2020-21 के अध्यक्ष सीताराम वैष्णव मौजुद रहेगें। क्लब के राकेश जैन नेवटा ने इस मौके पर भामाशाहो का सम्मान व दस राजकीय विद्यालयो व आंगनबाड़ी केन्द्रो के 205 जरूरतमंद बालको को ऊनी जर्सियो का वितरण भी किया जाएगा। इस पक्षी विलो में एक साथ 1500 पक्षी रूक सकेगें।

# करीब 51 लाख रुपए की लागत से निर्मित वातानुकूलित लाइब्रेरी एवं सामुदायिक भवन के पांच कमरों का विधायक रामसहाय वर्मा ने किया लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सोमवार को नगर पालिका क्षेत्र के जमात स्थित वार्ड 2 में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा करीब 51 लख रुपए के विकास कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने की इससे पूर्व विधायक व मौजूद नगर पालिका के पार्षदों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का माला एवं साफा पहनाकर राजस्थानी परंपरा अनुसार भव्य स्वागत किया गया। संबोधन के दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी उन्होंने बताया कि उप जिला अस्पताल एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए जमीन आवंटित हो चुकी है इनका भी कार्य करीब तीन माह में शुरू कर दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि निवाई की मुख्य आवश्यकता बस स्टैंड है उसके लिए भी लगातार बात चल रही है सार्वजनिक निर्माण विभाग की जमीन को परिवहन विभाग को सुपुर्द करवा कर निवाई में आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कार्य शीघ्र ही करवाया जाएगा। पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि जनहित का प्रत्येक कार्य किया जाएगा सामुदायिक भवन एवं लाइब्रेरी से वार्ड 1, 2, 3 के लोगों को काफी फायदा होगा। कार्यक्रम के दौरान वातानुकूलित लाइब्रेरी, सामुदायिक भवन के नवीन पांच कमरों व सामुदायिक भवन के मुख्य गेट का लोकार्पण किया गया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री अंकुर गुप्ता, अरनिया मंडल अध्यक्ष देवराज गुर्जर, वरिष्ठ पार्षद ओम प्रकाश गुप्ता, परसराम कुमावत, दुर्गा शंकर सेन, मदनलाल वर्मा, रामविलास बलाई, नितिन छाबड़ा, संजय रैगर, बाबूलाल सैनी, जीतपाल गुर्जर, भानु जोधा, शहर मंडल महामंत्री करण सिंह राजावत, मंगल मीणा, सी.आर. विष्णु शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष हंसराज गुर्जर, हरिशंकर मंडालीया, भाजपा नेता गणेश सिंह राजावत, रामप्रसाद शर्मा, पूर्व प्रधान ममता चौधरी, हरि करिरीया, आशा राम डाई, नगेंद्र सिंह, हीरा गुर्जर सहित कई वार्डवासी, जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने बजट में की थी घोषणा, श्रद्धालुओं को मिलेगा सुविधाओं का लाभ

## त्रिनेत्र गणेश मंदिर में होंगे ढाई करोड़ रु. के विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में जल्द विकास कार्य शुरू हो सकते हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने बजट 2024-25 में प्रदेश के 20 मंदिरों व आस्था केन्द्रों में विकास कार्य कराने की घोषणा की थी। इसके बाद उपमुयमंत्री दीया कुमारी के निर्देश पर रणथभौर दुर्ग के विकास कार्यों के प्रोजेक्ट को चयनित कर पर्यटन विभाग की ओर से इसके लिए 250 लाख रुपए का एक प्रस्ताव बनाकर भिजवाया गया था। ऐसे में मंदिर के विकास की उमीद फिर से परवान चढ़ी है।

### एएसआई की अनुमति से ही कराए जाएंगे विकास कार्य

पर्यटन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथभौर दुर्ग एक ऐतिहासिक धरोहर है। इसका संरक्षण भारतीय पुरातत्व संर्वेक्षण



विभाग के अधीन है। ऐसे में एएसआई नई दिल्ली से अनुमति मिलने के बाद ही रणथभौर दुर्ग व अन्य भागों में विकास कार्य कराए जा सकेंगे।

### पर्यटन को बढ़ावा देना था उद्देश्य

बजट घोषणा में मंदिरों, आस्था केन्द्रों जहां पर साल भर लाखों की संया में श्रद्धालुओं की आवक होती है। ऐसे मंदिरों में विकास कार्यों को कराकर यहां पर धार्मिक पर्यटन में इजाफा करना था। क्योंकि त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथभौर दुर्ग में स्थित है। ऐसे में इस कार्य में दुर्ग में भी विकास कार्यों को शामिल किया गया था।

### लबे समय से उठ रही मांग

रणथंभौर दुर्ग में सुरक्षा दीवार व कई अन्य ऐतिहासिक विरासत जैसे बादल महल, हमीर कचहरी आदि भी क्षतिग्रस्त हो रही है। हालांकि पूर्व में भी 32 खंभों की छतरी, गोमुखी गेट की मरमत का कार्य कराया गया था। लबे समय से त्रिनेत्र गणेश मंदिर को विकसित करने की मांग भी की जा रही है। ऐसे में मंदिर के लिए 250 लाख का बजट जारी किया गया है। हालांकि बजट की वित्तीय स्वीकृति का इंतजार है।

### इनका कहना है

पूर्व में मुख्यमंत्री बजट घोषणा में प्रदेश के 16 मंदिरों में विकास कार्य कराकर पर्यटन की सुविधाएं विकसित करने की घोषणा की गई थी। इसमें रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर को भी शामिल किया गया था। रणथंभौर दुर्ग एएसआई के अधीन होने के कारण हमारी ओर से इस संबंध में एक प्रस्ताव एएसआई नई दिल्ली को भिजवाया जा चुका है। फिलहाल बजट की वित्तीय स्वीकृति होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**मधुसूदन सिंह, सहायक निदेशक, पर्यटन, सवाईमाधोपुर।**

# पिता के दूसरे विवाह से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ा, गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बौंली उपखण्ड क्षेत्र के जस्टाना गांव में रविवार को एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया।



सूचना के बाद बौंली थाने के हेड कॉन्स्टेबल धमेंद्र चौधरी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और युवक को डिटेन किया। युवक करीब 20 मिनट तक टंकी पर चढ़ा रहा। पुलिस के अनुसार दोपहर के समय युवक प्रकाश मीणा टंकी पर चढ़ गया। इस दौरान जलदाय विभाग के कार्मिक श्रीराम जब टंकी पर चढ़ने लगे तो युवक टंकी का ढक्कन हटाकर वाटर स्टोरेज टैंक में उतर गया।

# रैनबसेरों की व्यवस्था में सुधार कर, मापदण्डों के अनुकूल बनायें स्पीड ब्रेकर : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (नि.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं जनसमस्याओं के निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग सरकार की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की नियमित मॉनिटरिंग कर भूमि आवंटित हो चुकी घोषणाओं के कार्य शीघ्र शुरू करें। उन्होंने नवीन भवनों के निर्माण के साथ आमजन को त्वरित लाभ देने के लिये पद स्वीकृत होते ही योजनाओं को शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सडक निर्माण के कार्यों में भरतपुर बाईपास, बयाना बाईपास की डीपीआर के साथ टैण्डर प्रक्रिया पूरी होते ही संबंधित विभाग टीम भावना के साथ कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों एवं पर्यटक महत्व के स्थानों के सौन्दर्यकरण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किशोरी प्लाजा के निर्माण पूरा होने तक किशोरी महल को आमजन के अवलोकनार्थ खुला रखें जिससे पर्यटक किले की विशेषताओं को देख सकें। जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा के दौरान भरतपुर विकास प्राधिकरण को सैक्टर 13 योजना में विभिन्न ब्लॉकों के बोर्ड लगाने के निर्देश दिये जिससे लोगों को जानकारी मिल सके। नगर निगम को उन्होंने शहर में चल रहे सीवरेज लाईन के कार्य में मैन ट्रंक लाईन के अवरूद्ध होने को गंभीरता से लेकर प्रत्येक मैनहोल की जांच करने व अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीवरेज कार्य के कारण जहां-जहां भी सडकें क्षतिग्रस्त हुई हैं उनकी मरम्मत कार्य शीघ्रता से कराये जायें। उन्होंने शहर के सभी रैनबसेरों में कम्बल, गद्दे आदि की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था करने, सर्दी से बचाव के लिये सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में बने अनाधिकृत एवं नियम विरूद्ध स्पीड ब्रेकरों को हटाते हुये आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन बनी हुई सडकों पर लाईनिंग एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिये जिससे कोहरे के समय दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिला कलक्टर ने ग्रामीण हाट के क्षतिग्रस्त भवनों को हटाने, रणजीत नगर ड्रेन एवं गोवर्धन ड्रेन की नियमित सफाई कराने, घना पक्षी अभ्यारण के मुख्य द्वार का सौन्दर्यकरण एवं चित्रकारी करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में नियमित पेयजल आपूर्ति के लिये टीम गठित कर समय समय पर जांच करने, जल जीवन मिशन के ग्रामीण क्षेत्रों के कनेक्शनों को गति देने, विद्युत निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं शहरी क्षेत्र में विद्युत समस्याओं का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को सभी चिकित्सा संस्थानों में साफ सफाई एवं मौसम के मध्येनजर वार्डों में सर्दी से बचाव के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सचिव बीडीए ऋषभ मंडल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, एसडीएम राजीव शर्मा, सीओ सिटी पंकज यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (नि.स.)।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म लौकिकता व पारलौकिकता के बीच एक सेतु का काम करता है द्य लौकिक कर्तव्यों का पालन करते हुए पारलौकिक मार्ग पर कैसे आगे बढ़ा जा सके यह सिखाता है धर्म। कर्म,भक्ति व ज्ञान का सुन्दर समन्वय स्थापित करके जीवन को आदर्श, महान ,सुखी व समृद्ध बनाने का संदेश देता है धर्म। सत्य, अहिंसा ,परोपकार, राष्ट्र भक्ति ,माता पिता व गुरुजनों का सम्मान ,सदाचरण ,नैतिकता व चारित्रिक उत्थान का संदेश देता है धर्म । हम आज हिन्दू ,मुसलमान ,सिख ,ईसाई ,बौद्ध ,पारसी ,जैन इत्यादि बने हैं जिसमें कोई बुराई नहीं लेकिन एक सच्चे इंसान बने हैं या नहीं अंतरात्मा में यह सोचने पर मजबूर करता है धर्म। हम अपने धर्म का सम्मान करे लेकिन औरों का निरादर नहीं। सही दिशा में उठाया हमारा हर क़दम कल्याणकारी होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में निरन्तर नैतिकता, राष्ट्रीयता व चरित्र का हो रहा ह्रास अत्याधिक चिंता का विषय हैं । धर्म विज्ञान सम्मत है ढकोसला नहीं, लोगों ने अपने तुच्छ स्वार्थों के लिए इसे ढकोसला बनाने का प्रयास किया। धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग, पाखंड, अंधविश्वास, रूढिवादिताओं को बढावा मिलता है । धर्मविहीन विज्ञान विकास का नहीं, विनाश का कारण बनेगा। धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं ।देश को तोड़ने व बाटँने की जो घृणित व कुत्सित साज़िशें की जा रही हैं। उन्हें सफल नहीं होने देना है। राष्ट्र में सभी को सभी प्रकार के मतभेदों व संकीर्णताओं को त्यागकर आपसी प्रेम,एकता व सद्भाव को बनाए रखना हैं । उन्होंने कहा कि मानव जीवन की ही महिमा है कि वह अपने लिए समाज के लिए व परमात्मा के लिए उपयोगी हो सकता है। त्यागपूर्वक शांत होकर अपने लिए, उदारता पूर्वक सेवा करके समाज के लिए व आत्मीयता पूर्वक प्रेम करके परमात्मा के लिए उपयोगी होता है ।शांत उदार व प्रेमी भक्त हो जाना यह मानव जीवन की महिमा है। जो शांत होगा वह उदार तथा ज़ो उदार होगा वह भक्त होगा ।ऐसा जीवन ही पूर्ण जीवन है व ब्रह्मा का साक्षात्कार भी यही है ।त्याग संसार का नहीं अपितु ममता, अहंकार , अधिकार ,लोलुपता आसक्ति आदि का करना है ।परमात्मा अप्राप्त नहीं, नित्य प्राप्त है। मात्र प्राप्ति की स्मृति व जागृति के लिए निरन्तर सत्संग के प्रकाश में जीना है ।महाराज श्री ने कहा कि सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो, जीवन में सफलता मिलेगी। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया।

# मालाखेड़ा में राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मालाखेड़ा में सोमवार को लूपिन फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम मालाखेड़ा ब्लॉक में मनाया गया ,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी नवज्योति कांवरिया मालाखेड़ा और विशिष्ट अतिथि कृषि अधिकारी बिजेंद्र गोयर राजगढ़ रहे। कार्यक्रम में लुपिन फाउंडेशन के स्टेट हेड वेदप्रकाश शर्मा ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शर्मा ने बताया कि लूपिन फाउंडेशन अलवर जिले के राजगढ़ और मालखेड़ा ब्लॉक में 10,000 किसानों के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने को लेकर कार्य कर रही है, एवं परियोजना की आगामी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी,उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम है मृदा स्वास्थ्य एवं किसानो को सशक्त, सतत कृषि पद्धति द्वारा किसानों को सशक्त बनाना। मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी द्वारा संस्था द्वारा किसानों की आजीविका बढ़ाने हेतु जो प्रयास किए जा रहे है उनकी सराहना करते हुए किसानों से उन्नत तकनीकी के माध्यम से खेती करने एए मृदा स्वास्थ्य,वातावरण को शुद्ध बनाए रखने हेतु समझाया। विशिष्ट अतिथि बिजेंद्र गोयर द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर किसानों को लाभ लेने हेतु बताया,साथ ही साथ फसल चक्र,उन्नत तकनीकी से फसल करने हेतु किसानों को जानकारी दी । फाउंडेशन से कार्यक्रम प्रभारी राजेश घीया द्वारा किसानों को फसलों में लगने वाले रोगों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि उपकरण, एफ पीओ उत्पादन सामग्रियों की स्टाल प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम प्रदर्शनी में एफ पी ओ और विभिन्न कंपनियों ने प्रदर्शनी हेतु भाग लिया और कार्यक्रम में लोक कलाकार यूसुफ खान मेवाती भपंग वादक टीम द्वारा मृदा स्वास्थ्य ए बूंद बूंद सिंचाई पद्धति,पर्यावरण पर लोक गीतों के माध्यम से जानकारी दी। परियोजना के माध्यम से जिन किसानों द्वारा कृषि एवं आजीविका के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया उन किसानों को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया जा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना संचालित ब्लॉक मालाखेड़ा और राजगढ़ से क्लस्टर मैनेजर भगवान सहाय शर्मा एवं सतीश रावत,परियोजना से जुड़े सभी स्टाफ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 468 पुरुष और महिला किसानो ने भाग लिया।




## जल प्रबंधन-पोषण एंव विकास पर प्रतियोगिता की आयोजित

# विशेष शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव की निकाली रैली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सोमवार को श्री लालदास मंदिर, धौलीदुब में आयोजित हो रहे बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालयए अलवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वंयसेवको को ध्यान का अभ्यास कराया गया। राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भावष् की रैली निकाली गई और जल प्रबंधन- पोषण एंव विकास पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विशेष शिविर के तृतीय दिवस श्री लालदास मंदिर में प्रातः 9 बजे से स्वंयसेवको ने डॉ अनिल यादव एंव डॉ सुभाष पालीवाल के निर्देशन में परेड का अभ्यास किया तथा मंदिर परिसर में साफ सफाई का कार्य किया। द्वितीय सत्र में स्वंयसेवको को हेम नारायण सैन और ओम प्रकाश सैन ने ध्यान और योग का अभ्यास करवाया। तृतीय सत्र में डॉ महेश गोठवाल के निर्देशन में जल प्रबंधनए पोषण एंव विकास पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश गोठवाल, डॉ अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का संदेश देने के लिए मानव मानव एक समानष् और कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी जैसे नारो के साथ ग्राम धौली दुब में सद्भावना रैली निकाली। शिविर के आयोजन में बेगम बाई, मुस्कान, संगीता, प्रियंका, प्रीति, मोनिका, नम्रता, प्रियांशी, अंजली सैनी, अमरजीत, मोहित, प्रिंस, संगीता सैन, अंशु, चांदनी, काजल, दीपक, अजय, पवन सिंह, अंकित मधुकरए अंजली शर्मा, लक्की, करण, कुलदीप, अमनदीप, धीरज, लेखराज, दीपक आदि का विशेष सहयोग रहा। सभी स्वंयसेवको ने शिविर में सामूहिक भोज का आनन्द भी लिया।

# परशुराम युवा शक्ति मंडल ने नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर (गोपाल पाठक)।** ब्राह्मण समाज के मंदिर श्री दामोदरजी महाराज के प्रांगण में अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश भारद्वाज का परशुराम युवा शक्ति मंडल द्वारा सम्मान किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा शक्ति मंडल के अध्यक्ष डा.बालकृष्ण श्रोत्रिय ने की । नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश भारद्वाज को साफा ,माला परशुराम का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। ,कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हजारी लाल नंगायच, महेश पाठक एडवोकेट ,सौनू शर्मा ,वेदप्रकाश भारद्वाज, सुनील शर्मा लखनपुर वाले, ,मिक्की कटारा,डा.निरोत्तम कटारा, हनी पुरोहित, रामप्रकाश शुक्ला, तथा काफी संख्या में विप्र वन्धु उपस्थित रहे ।

# सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित अन्तिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक मिले योजनाओं का पारदर्शिता से लाभ : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** सुशासन सप्ताह के तहत जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सुशासन के तहत आमजन तक सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों की क्रियान्विति करते हुये नवाचार अपनाने का आव्हान किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि सुशासन सप्ताह मनाये जाने का उद्वेश्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति पारदर्शिता से करते हुये अन्तिम छोर तक के व्यक्ति को उनका लाभ दिलाना है। अधिकारी विभागीय दायित्वों का इस प्रकार निर्वहन करें कि योजनाओं का उद्वेश्य साकार हो सके। प्रत्येक व्यक्ति शासन-प्रशासन में अपनी भागीदारी निभाकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो तभी जाकर सुशासन सप्ताह की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ नवाचार अपनाकर आमजन से सीधा जुडाव रखते हुये अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने सुशासन सप्ताह के तहत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अटल जी के जीवन एवं उनके योगदान की जानकारी देते हुये कहा कि सुशासन सप्ताह की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याऐं दूर होंगी। अटल जी ने देश में ग्रामीण सडक योजना, चतुर्भुज योजना एवं ग्र्रामीण क्षेत्रों के लिये रोजगार सृजन योजना का सूत्रपात किया था। देश को परमाणु सम्पन्न बनाने, बुनियादी संरचना के ढांचे को मजबूत करने में उनकी महति भूमिका रही है। कार्यशाला को बीडीए सचिव ऋषभ मंडल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह ने भी संबोधित किया। सहायक निदेशक लोक सेवा भारती भारद्वाज ने सुशासन सप्ताह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्रिसमस पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने की मानवता की सेवा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने क्रिसमस के पावन अवसर पर एक विशेष मानवतावादी पहल की। स्कूल के छात्र और शिक्षक केडल गंज स्थित मदर टेरेसा संस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने जरूरतमंद लोगों के लिए विभिन्न उपयोगी वस्तुएं दान कीं। इस दौरान पानी के कैंपर, सफाई के सामान, खाद्य सामग्री और गर्म कपड़े संस्थान को सौंपे गए। दान की गई वस्तुएं विशेष रूप से उन लोगों की सहायता के लिए थीं जो ठंड और अन्य कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य में स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने दिल खोलकर योगदान दिया। सभी ने मिलकर इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन केवल दान करने तक सीमित नहीं थाए बल्कि इसमें मानवता के प्रति प्रेम और करुणा का संदेश भी निहित था। स्कूल का उद्देश्य समाज में त्योहारी खुशी को साझा करना और वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना था। इस पहल ने न केवल जरूरतमंदों की मदद की बल्कि छात्रों में भी सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाया। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की यह पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने और दूसरों के लिए प्रेरणा बनने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। क्रिसमस के इस विशेष अवसर पर किया गया यह कार्य एक यादगार और प्रेरणादायक प्रयास साबित हुआ।

# प्राकृतिक चिकित्सा के तहत विद्यार्थियों ने कराया परीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं अभियान का श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज सेवर में " 228 छात्र-छात्राओं ने परीक्षण कराया अभियान में 8 चिकित्सा राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के एकीकृत महाविद्यालय से सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री द्वारा 29 अक्टूबर को इस अभियान का शुभारंभ किया गया था जिसमें प्रकृति अप के द्वारा 22 प्रश्नों की एक श्रृंखला संबंधित छात्र को भरनी होती है जिसमें स्वास्थ्य एवं प्रकृति की विभिन्न जानकारियां भरने के बाद एक स्वास्थ्य परीक्षण का परिपथ प्राप्त होता है जिसके आधार पर व्यक्ति स्वयं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्राप्त कर उपचार आत्मक वीडियो से उपचार के प्रयास से सकारात्मक दिशा में कार्य कर सकता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉक्टर आलोक शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभिक योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया एवं प्राकृतिक चिकित्सा आयुर्वेद योग की वीडियो को ज्यादा से ज्यादा आत्मसात कर जीवन को स्वस्थ व निरोगी बनाने के लिए प्रकृति से प्राप्त केमिकल रहित वस्तुओं का उपयोग करने का आह्वान किया इस अवसर पर डॉक्टर प्रियंका शर्मा डॉक्टर प्रीति चौधरी डॉक्टर रोहण शर्मा डॉ हर्षित शर्मा डॉ निकिता महावर डॉ संदिक सैनी डॉ संदीप धाकड़ सहित राजकीय आयुर्वैदिक महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पंडित रामकिशन दो दिवसीय नेपाल यात्रा पर, अन्य कार्यक्रमों के साथ प्रधानमंत्री बीपी कोइराला एवं शैलजा आचार्य से करेंगे मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** समाजवादी विचारक और भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन 25 एवं 26 दिसम्बर को अपने दो दिवसीय दौरे पर नेपाल जायेगे वे वहाँ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन एवं 192 के नागरिक अभिनंदन समझ में शिरकत करेंगे। नेपाल के काठमांडू में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में अनेकों राष्ट्रों के राजनीतिक एवं गनमैन नागरिक हिस्सा लेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद नेपाल के प्रधानमंत्री बीपी कोइराला और शैलजा आचार्य से मुलाकात करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपात काल (इमरजेंसी ) से पूर्व जब नेपाल के प्रधानमंत्री बी पी कोइराला और सैलजा आचार्य निर्वासित जीवन में रह रहे थे , उस वक्त बी पी कोइराला और सैलजा आचार्य उनके साथ दो दिन जयपुर और भरतपुर में रहे थे । नेपाल यात्रा के दौरान पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन उन दोनों नेपाली नेताओं के आवास पहुंचकर उनके परिवारजनों के साथ मुलाकात करेंगे ।

# सर्दी को देखते हुए 64 छात्रों को गर्म जर्सियो का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गायत्री निरंजन लाल सेवा फाउंडेशन अलवर की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय डाढा खेडली सैयद के सभी 64 छात्रों को गर्म जर्सियो का वितरण सोमवार को विद्यालय परिसर में किया गया फाउंडेशन की अध्यक्ष श्री निरंजन लाल गुप्ता पूर्व प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज अलवर से सेवा निर्मित ने बताया कि यह उनका आठवां कार्यक्रम है प्रतिवर्ष जरूरतमंद बच्चों को गर्म जरसियो का वितरण उनके द्वारा किया जाता है कार्यक्रम का संचालन भामाशाह प्रेरक भारत सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का विद्यालय प्रधानाध्यापक श्री राम मीणा के द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम के इस अवसर पर श्रीमती गायत्री देवी श्री राकेश जी रिटायर्ड बैंक प्रबंधक अधिकारी श्रीमती अंजू गुप्ता,योगेश शर्मा तथा सीमा मीना और गांव के सभी गणमानय लोग उपस्थित रहे श्रीमान गुप्ता जी ने अपने संबोधन में बच्चों को सनातनी संस्कारों की भी जानकारी दी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रघुनंदन जी अवस्थी रिटायर्ड मुख्य अभियंता ने की।

# कोटा महोत्सव के पहले दिन हुई चंबल महाआरती

## दिव्य हुए घाट, जगमगाया आसमान, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की आरती





### हजारों लोग हुए आरती और दीपदान में शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा महोत्सव के पहले दिन की शुरुआत जहां गणपति की आराधना से हुई वहीं शाम को मां चंबल की महाआरती कर सदा नीरा का आशीर्वाद लिया गया। सोमवार संध्या को चंबल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर चंबल महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कोटा, प्रदेश एवं राष्ट्र की समृद्धि खुशहाली एवं विकास के संकल्प के साथ चम्बल आरती कर आशीष मांगा। इस अवसर पर शास्त्रीय संगीत के सुरों और मधुर धुनों ने वातावरण को दिव्य बना दिया। बनारस के प्रख्यात पंडित श्री उमाकांत शास्त्री एवं पंडित समूह द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ चम्बल माता की आरती की गई। हाथों में दीपक और चहुंओर जगमग दीपों की पंक्तियों से घाट जीवंत हो उठे। आरती के बाद दीपदान का आयोजन भी किया गया, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक और मनमोहक बना दिया। इस अवसर पर रिवर फ्रंट के घाटों पर सजी सांस्कृतिक संध्या में गणेश वंदना फिर बैंड द्वारा केसरिया बालम धुन बजाकर प्रस्तुति दी गई। शिव के चंद्रशेखर रूप स्तुति पर विशेष नृत्य प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा किया गया। हजारों श्रद्धालु शौर्य घाट पर आरती, दीपदान, और आतिशबाजी के इस दिव्य आयोजन के साक्षी बने।

#### माँ चंबल हमारी संस्कृति की जीवंत प्रतीक-लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने इस अवसर पर कहा कि जीवनदायिनी माँ चम्बल केवल हाड़ौती की जीवनरेखा नहीं हैं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और अनमोल धरोहर का जीवंत प्रतीक भी है। माँ चम्बल की शांत धाराओं में न केवल जीवन की प्रेरणा है, बल्कि हमारे अन्नदाताओं के श्रम को सफलता में परिवर्तित करने का आशीर्वाद भी समाहित है। उन्होंने महा आरती के बाद माँ चम्बल के चरणों में प्रार्थना की कि उनका कृपाश्रय सदैव कोटा-बूंदी की पुण्यभूमि पर बना रहे। माँ चम्बल की पवित्र धाराएं उन्नति, समृद्धि और खुशहाली का संचार करती रहे। उन्होंने कहा कि चम्बल की महिमा हमारे लिए केवल एक नदी नहीं, बल्कि प्रेरणा, ऊर्जा और विश्वास का अजस्त्र स्रोत है। श्री बिरला ने दीपदान के इस पावन अवसर पर हम माँ चम्बल को नमन करते हुए अपनी संस्कृति, प्रकृति और परंपरा को संरक्षित करने का आव्हान किया।

#### दीपदान और आतिशबाजी

महाआरती के साथ शौर्य घाट पर दीपदान का आयोजन सिंफनी कंपनी द्वारा किया गया। सैकड़ों दीपों की जगमगाहट ने चंबल नदी के किनारों को दिव्यता से भर दिया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रवाहित कर अपने श्रद्धा भाव प्रकट किए। शानदार आतिशबाजी का आयोजन भी किया गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने घाट की सुंदरता को चार चांद लगा दिए और उपस्थित श्रद्धालुओं के उत्साह को और बढ़ा दिया।

#### संगीत और भक्ति का संगम

सिंफनी कंपनी की प्रस्तुति ने चंबल आरती को और भी विशेष बना दिया। उनकी मधुर धुनों और सुरों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को भक्ति और सांस्कृतिक संगम का एक अद्वितीय अनुभव बताया। चम्बल माता की आरती में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आटे से बनाए गए एक हजार दिए भी जगमगाए। कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा करीब 10 हजार इलेक्ट्रिक दिए आमजन को वितरित किए गए जिनसे लोगों ने चम्बल माता की आरती की।

#### सांस्कृतिक पहचान हुई जीवंत

जन प्रतिनिधि राकेश जैन, आईजी कोटा रेंज रविदत्त गौड़, कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक कोटा शहर डॉ. अमृता दुहन, पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर भी चम्बल आरती में शामिल हुए। महा आरती में ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन, भामाशाह मंडी के अध्यक्ष अविनाश राठी एवं अन्य पदाधिकारी, व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी, व्यापार महासंघ, होटल एसोसिएशन, व्यापार संघ एवं संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।



## हरीश आंजना एज्युकेशन सोसायटी द्वारा नवां विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर पेच एरिया में 25 दिसम्बर से होगा आयोजित

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने नेत्र चिकित्सा शिविर स्थल का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के सुपुत्र एवम् छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना के भतीजे स्वर्गीय श्री हरीश आंजना एवं मातृश्री स्वर्गीय श्रीमती गोपीबाई आंजना एवम् पिताश्री स्वर्गीय श्री भेरूलाल आंजना की पुण्य स्मृति में हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी के तत्वावधान में आने वाली दिनांक 25 दिसंबर से पेच एरिया परिसर में आयोजित होने वाले नवम विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर स्थल का सोमवार को सुबह राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी के मुख्य ट्रस्टी उदयलाल आंजना द्वारा अवलोकन कर तैयारियों का जायजा लिया। पेच एरिया परिसर में आयोजित होने वाले नेत्र चिकित्सा शिविर स्थल के अवलोकन के दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल झंवर, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पूरण आंजना, विधान सभा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद रवि प्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद मनोज पारख, ज़िला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोहर सिंह मीणा,विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, खाद्य एवं किराना व्यापार संघ अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, दिलीप सिंह राठौड़, भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई के नर्सिंग स्टॉफ हेमराज चौधरी, किशन सिंह, भोमाराम मावर सहित रवि अग्रवाल, काबरा टेंट व्यवसाई सुरेश काबरा, महावीर नागौरी,हरीश शर्मा,किशन वैष्णव एवं कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन इत्यादि उपस्थित थे।

# 5 थानों के 35 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को पुलिस ने किया नष्ट



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** पुलिस अधीक्षक बून्दी राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय व महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज, कोटा के निर्देषानुसार जिले के 05 पुलिस थानों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक, डोडाचूरा, गांजा, चरस को न्यायालय से भौतिक सत्यापन के बाद जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन बून्दी के परिसर में जलाकर नष्ट किया गया।

पुलिस द्वारा 128 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा, गांजा, चरस व स्मैक को किया नष्ट। जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी ने बताया की जिले के पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों की वजह से लबालब भरे पड़े थे, जिससे अन्य जब्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। इसके निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की अपराध शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर, रिकॉर्ड तैयार किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति उमा शर्मा, रमेश चन्द सउनि, अषोक कुमार सउनि, सुर्यप्रकाश हैडकानि 227 एवं मालखाना प्रभारी आदि की उपस्थिति में आवश्यक रिकॉर्ड मिलान करने के बाद मादक पदार्थों का वजन किया गया । जिले के थाना कोतवाली, सदर, के.पाटन, तालेडा, हिण्डोली के कुल 05 पुलिस थानों में दर्ज कुल 35 प्रकरणों में सें अवैध मादक पदार्थ 39 किलो 218 ग्राम डोडा चूरा, 87 किलो 958 ग्राम गांजा, 61 ग्राम स्मैक तथा 908 ग्राम चरस को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति बून्दी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन परिसर में जलाकर नष्ट किया ।

## चौमहला प्रीमियर लीग सीजन 4 टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 25 दिसंबर को

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में चौमहला प्रीमियर लीग सीजन 4 टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 25 दिसंबर को शुभारंभ किया जा रहा है।जिसको लेकर बड़ी उत्साह से तैयारी चल रही है। टुनार्मेट मै प्रथम पुरस्कार 33,111 रु कुंवर गोपाल सिंह सिसोदिया द्वारा दिया जाएगा व द्वितीय पुरस्कार 22,111रु बगदीराम गायरी द्वारा दिया जाएगा। 5555 रू मैन ऑफ द सीरीज ट्रोफी व 2222 रु बेस्ट बॉलर व ट्रोफी शादाब अहमद पिता सिराज अगवान द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। 2222 रु बेस्ट बल्लेबाज का अभिषेक अग्रवाल भारत पेट्रोल पंप द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा।हर मैच मै मैन ऑफ़ द मैच उप सरपंच प्रतिनिधि विक्रम सिंह कोल्वी द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। 1555 रु बेस्ट फील्डर दिपक पुनवानी फलफूल द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। जिसमें कस्बे के लगभग 91 खिलाड़ी भाग ले रहे हे।26 नवंबर से 3 दिसंबर तक आवेदन लेने का समय रखा गया था।जिसमें 91 खिलाड़ियों ने आवेदन दिए। जिसमें 10 दिसंबर को आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन का रखा गया। ऑक्शन मै सात कप्तान व सात टीम बनाई गई।व सभी खिलाडियो को पोइंट के अनुसार खिलाडियों को खरीदा गया। जिसमै सात स्पॉन्सर भी रखे गए।

#### सात टीम व सात स्पॉन्सर

चौमहला नाईट राइडर के शिव वर्मा,चौमहला कैपिटल के मनिष ठंड़ानी,चौमहला रॉयल के अरविंद पोरवाल,चौमहला सुपर किंग के बगदीराम गायरी,चौमहला इंडियंस के ओमप्रकाश तिवारी,रॉयल चेलेंज चौमहला के जेएमडी ग्रुप,चौमहला टाइटन के कमलेश अग्रवाल रहे।

## कोटा महोत्सव में हेरिटेज वॉक, कचौरी फेस्ट, फिल्म फेस्टीवल 24 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 24 दिसंबर को भव्य हेरिटेज वॉक मथुराधीश मंदिर गढ़ पैलेस से रामपुर कोतवाली तक निकाली जाएगी जिसके समापन पर कचौरी फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसमें संभागियों को कोटा की स्वादिष्ट कचौरी खिलाई जाएगी। दोपहर 12 बजे से चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर शहर के विभिन्न निजी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के मध्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं शाम 4 बजे फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

#### सेलिब्रिटी नाइट में रजत चौहान कॉमेडी शो एवं यंग ड्रग बैंड

सेलिब्रिटी नाइट में 24 दिसंबर को रजत चौहान का कॉमेडी शो एवं द यंग ड्रग बैंड ग्रुप की प्रस्तुति होगी। यह दोनों आयोजन विजय श्री रंगमंच पर होंगे। 25 दिसंबर को शाम 6 बजे से रिवर फ्रंट शौर्य घाट पर मोनिशा नायक द्वारा कथक प्रस्तुति होगी। जबकि राजस्थानी लोक कलाकारों की प्रस्तुति विजय श्री रंगमंच पर होगी। तीसरे दिन फेशन-शो, साफा-मूंछ, कोटा क्वीन प्रतियोगिता, टेलेंट हंट कोटा महोत्सव के तीसरे दिन 25 दिसम्बर को चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर प्रात: 10 बजे साफा-मूंछ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# व्यास गौतम समाज के तहसील निर्विरोध अध्यक्ष बने



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )। अखिल** भारतीय गुर्जर गोड गौतम ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष पद निर्विरोध देईखेड़ा निवासी दिनेश व्यास निर्विरोध निर्वाचित हुए चुनाव जिला शाखा से नियुक्त चुनाव अधिकारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि दो सात सदस्ययी इंदरगढ़ शाखा में अध्यक्ष पद के लिये चार आवेदन प्राप्त हुए बाद दोपहर को 2 बजे बाद बाकी तीन नामांकन के नाम वापस लेने पर देईखेड़ा निवासी दिनेश व्यास को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुना गया बाद में बीस सदस्यों की कार्यकारणी का भी चयन सर्वसम्मति से किया गया इस अवसर जिला निर्वाचन सह प्रभारी रामचरण गौतम व मनीष गौतम ने व्यास को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई इस पर पूर्व अध्यक्ष हेमराज गौतम गणेश गौतम महेंद्र गौतम पवन गौतम गिरिराज गौतम शम्भूदयाल गौतम आसिष गौतम सीताराम गौतम गोविन्द गौतम आदि समाज बंधुओं ने माला पहना कर मुंह मीठा करवा कर अभिनन्दन किया।

## मजदूर मसीहा स्व. शंभूदादा को पुष्पांजलि

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मजदूर मसीहा स्व. शंभू सिंह खमेसरा (दादा) की पुण्यतिथि पर भारतीय मजदूर संघ कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि स्व. शंभू सिंह खमेसरा (दादा) जिनका जन्म 05.09.1925 को उदयपुर में हुआ, दादा 19 साल की उम्र में नौकरी पर लगे, सन् 1954 में दादा ने पी.डब्ल्यू.डी. सिंचाई विभाग में संघ समर्थित यूनियन बनाई। 1955 में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के बाद यूनियन को भामस से सम्बद्धता ली। मेवाड़ संभाग में दादा ने लाखों श्रमिकों को भामस से जोड़ा, सिंचाई, पी.डब्ल्यू.डी., जलदाय, वन, आंगनवाड़ी, विद्युत, वस्त्र उद्योग जैसे अनेकों उद्योगों में भामस का परचम लहराया। पुष्पांजलि के कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता प्रभाष चौधरी, जुम्मा काठात, राजेश जीनगर, रामेश्वर डीडवानिया, कन्हैयालाल माली, राधाकिशन वैष्णव, पद्मा शर्मा, रंजना चौधरी, मंजू, सरोज, रेखा साधु, शंकर नायक, फिरोज सहित अन्य श्रमिक उपस्थित रहे।

## कोटा महोत्सव के साथ शुरू साफा-डे, विरासत के सम्मान में उत्साह के साथ पहने साफे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा कोटा महोत्सव के आगाज का वह क्षण अनूठा बन पड़ा जब वहां मौजूद जन समूह साफा धारण कर अपनी परम्पराओं और विरासत के सम्मान को मानो अपने मस्तक पर रख गौरवान्वित हो रहा था। इस नवाचार ने कोटा महोत्सव को एक नया कलेवर दे डाला। जहां देखो वहीं रंग-बिरंगे साफे पहने कोटावासी नजर आ रहे थे। महिलाओं ने भी साफे पहनने में खूब रुचि दिखाई। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की पहल पर कोटा महोत्सव के तीनों दिन साफा-डे घोषित करते हुए सभी से आयोजनों एवं कार्यस्थल पर साफा पहनकर आने का अनुरोध किया। कोटावासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बड़े चाव के साथ चुनरी, लहरिया और रंग-बिरंगे साफे धारण किए। गणेश मंदिर परिसर में साफा बांधने की व्यवस्था भी की गई। जहां साफे बंधवाने की होड़ लगी रही। विभिन्न आयोजनों में लोग साफा पहनकर आए। वहीं, राजकीय कार्यालयों एवं अन्य कार्यस्थलों पर भी आमजन साफा पहनकर आए। महिला अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी विरासत के सम्मान में साफे धारण किए।

# राज्य की भजन, भोजन और कीर्तन वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल : विधायक चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान में भाजपा की भजन लाल सरकार को एक वर्ष पूरा हो गया है, राज्य कि भाजपा सरकार जहां अपने एक वर्ष की उपलब्धियां से उत्साह मना रही है वहीं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस नेता भाजपा की नाकामी एवं विफलता को मुद्दा बनाकर जनता में अपनी बात रख रहे हैं, इसी रणनीति के तहत सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला प्रभारी एवं विधायक विकास चौधरी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार विधायकों द्वारा चुनी हुई सरकार नहीं है बल्कि यह एक पर्ची वाली सरकार है जो केंद्रीय नेताओं के इशारे पर काम कर रही है, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता को धर्म के आधार पर गुमराह करने वाली पार्टी है और राजस्थान में इसके पास भजन, भोजन और कीर्तन करने के अलावा कोई कार्य नहीं है। विधायक चौधरी ने कहा कि राजस्थान की भजन लाल सरकार का एक वर्षीय मूल्यांकन किया जाए तो यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, उन्होंने बताया कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी, भजन सरकार ने उनकी कई योजनाओं को बंद कर दिया है वहीं कुछ योजनाओं का नाम बदलकर वाह वाही लेने का प्रयास किया है । चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आई है और अब जनता से वादा खिलाफी कर रही है उन्होंने बताया कि भजन सरकार ने राजस्थान में किसान सम्मान निधि की राशि 12000 सालाना अभी तक नहीं की है तथा सरकार द्वारा एमएसपी पर किसानों की बाजरे की फसल भी नहीं खरीदी है उन्होंने बताया कि गेहूं की एमएसपी के ऊपर बोनस देकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद की घोषणा भी जुमला साबित हुई है तथा किसानों की नीलाम हुई जमीन का उचित मुआवजा देने के लिए अभी तक मुआवजा नीति नहीं बनाई गई है और किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद भी नहीं मिल रहा है वही उर्वरक की भी कालाबाजारी की जा रही है, चौधरी ने किसानों की समस्या उठाते हुए कहा कि 20000 करोड़ के एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन और पश्चिमी राजस्थान की अनार बेल्ट में प्रोसेसिंग क्लस्टर भी अभी तक स्थापित नहीं किया गया है, चौधरी ने प्रदेश के युवाओं की समस्या उठाते हुए बताया कि भाजपा ने प्रदेश में युवाओं को एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था मगर अभी तक भजन सरकार यह वादा भी पूरा नहीं कर पाई है तथा 11 महीने से युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है, भजन सरकार ने संविदा भर्ती निकालकर युवाओं के साथ खिलवाड़ ही नहीं किया है बल्कि सफाई कर्मियों की भरती को रद्द कर रोजगार के अवसर भी छीन लिए हैं ।चौधरी ने कहा कि आम जनता बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त है वहीं भारतीय जनता पार्टी धर्म का प्रोपेगेंडा चला कर देश में नफरत का माहौल पैदा कर रही है और भारत की सौहार्द्रता बिगाड़ कर उसका राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है ।प्रेस वार्ता में चौधरी ने स्थानीय मुद्दे और जनता की समस्याओं को भी उठाया, इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल डांगी, सहाड़ा प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी, नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता धर्मेंद्र पारीक भी उपस्थित थे ।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## वसूली नहीं होने पर कई गांवों में उतारे ट्रांसफॉर्मर, कनेक्शन काटे, बसेड़ी क्षेत्र में बिजली बिल के 23 लाख 50 हजार रुपए बकाया

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले के बसेड़ी विद्युत निगम अधिशासी अभियंता आर.डी. मीणा के निर्देशन में बिजली बिल बकाया राशि वसूलने को कार्रवाई की जा रही है। बसेड़ी के कनिष्ठ अभियंता राहुल उपाध्याय के नेतृत्व में टीम द्वारा विद्युत बिल बकायादारों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक गांव में कार्रवाई की गई है। जहां विद्युत निगम की टीम ने बकायादारों के कनेक्शन काटकर उनके बिजली ट्रांसफॉर्मर उतारे हैं। बसेड़ी उपखंड के आधा दर्जन से अधिक गांवों में विद्युत निगम की टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया है, जिसमें बकायादारों के कनेक्शन काटकर उनके ट्रांसफॉर्मर जब्त किए गए हैं। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डिस्कॉम बसेड़ी कनिष्ठ अभियंता राहुल उपाध्याय ने बताया कि बसेड़ी उपखंड के गांव दौपुरा में लगभग सवा पंद्रह लाख रुपए बकाया होने पर 16 किलो वाट के तीन ट्रांसफॉर्मर एवं 25 किलो वाट का एक ट्रांसफॉर्मर, मंशा का पुरा में लगभग पौने सात लाख रुपए बिल बकाया होने पर 5 किलोवाट के दो ट्रांसफॉर्मर एवं बोरोली गांव में लगभग डेढ़ लाख रुपए बिल बकाया होने पर 10 किलोवाट का एक ट्रांसफॉर्मर उतारा गया है। विद्युत निगम की टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता राहुल उपाध्याय, लाइनमैन सोनू कुमार, अर्जुन सिंह, तारा सिंह, पंकज कुमार, देवीसिंह, विष्णु कुमार, दिनेश कुमार, श्रीकांत शर्मा, महावीर, जितेंद्र, रविंद्र, वीरेंद्र एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन : 'विदाई देख कर बेटी की, अश्क खुद भी तो रो रहे होंगे' सहित कई कविताओं ने किया भाव विभोर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत की धौलपुर इकाई द्वारा कामाक्षी आईटीआई के सभा भवन में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। धौलपुर के वयोवृद्ध कवि नत्थी लाल त्यागी के मुख्य आथित्य में आयोजित इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष गोविन्द शर्मा पटवारी ने की। स्थानीय 24 साहित्यकारों ने अपने मधुर कंठ से हास्य, व्यंग्य, ओज, श्रृँगार व देशभक्ति के गीत, गजल, छंद, मुक्तकों से चार घंटे तक समां बांधे रखा तथा श्रोताओं की भरपूर तालियाँ बटोरीं। संचालन करते हुए कवि गोविंद गुरु पटवारी ने अश्क शीर्षक से विदाई देख कर बेटी की,अश्क खुद भी तो रो रहे होंगे रचना पढी। विकल फर्रुखाबादी ने कोई नीचा न रहे और ना कोई ऊंचा हो पढ़कर नए संसार की कल्पना की। सुप्रसिद्ध शायर नूर धौलपुरी ने सच्चाई को बल देते हुए सच बात कहना जिनकी आदत में हो गया,उस आदमी का नाम इबादत में हो गया। विशिष्ट अतिथि संस्था के संरक्षक वीरेंद्र त्यागी ने वोटों ने बेटों को बांट दिया है, बेटे ने मां पर ही घात किया है रचना पढ़कर सभी को आनंदित किया। वरिष्ठतम कवि नत्थी लाल त्यागी ने ब्रजभाषा के संवर्धन पर जोर देते हुए अनेक छंद, मुक्तक, गीतों के माध्यम से ब्रज क्षेत्र की महिमा को गाया। मनियाँ के कवि सुरेंद्र शर्मा ने सिसक रहा है माँ का आँचल चेहरा लोहू लुहान है के द्वारा भारत की तस्वीर को रेखांकित किया। मनोज मनुज ने सब सुखी हो देशवासी भावना मन की रहे पढकर खुशहाल भारत की कल्पना की। शायर मुजफ्फर अली धौलपुरी ने एक जुनूने जिंदगी है हसरते ना काम से, स्वर्ग भारत को बना दो प्यार के पैगाम से गज़ल पढ़कर देश प्रेम का संदेश दिया। बुजुर्ग शायर जमील धौलपुरी ने जो भी ऊँची उड़ान भरता है वक्त उसके ही पर कतरता है, वक्त के अंदाज को शेर कहकर बयां किया। साबिर धौलपुरी ने पैगामे वफ़ा लेकर अब कबूतर नहीं आते रचना के माध्यम से मोबाइल के जमाने के गुण दोष को बताया। श्रृँगार के कवि हरेंद्र हर्ष ने हवा जब तेज चलती है तुम्हें हम याद करते हैं गीत पढ़कर सभी को गदगद कर दिया। घनश्याम शर्मा ने देश की मिट्टी को नमन करते हुए वतन एक ही है भजन एक ही है कहकर देश की खुशहाली की कामना की। वरिष्ठ कवयित्री पूर्णिमा शर्मा ने माँ और बेटी का संवाद स्थापित कर रचना के माध्यम से समाज में नारी के महत्व को रेखांकित कर कन्या भ्रूण हत्या समाज के लिए घातक बताया। बाल कवि रुद्र प्रताप ने देशभक्ति की रचना पर मिट्टी के कण-कण को चंदन बना दिया, वही युवा शायर राहुल राज ने दुख से अच्छा है नहीं कोई मेरा यार, बिना बुलाए द्वार पर आ जाता हर बार से श्रोताओं को चिंतन के लिए मजबूर कर दिया। कवि रमाकांत गर्ग ने जीवन के उतार-चढ़ाव पर रचना पढ़कर वाहवाही लूटी। शहर के वरिष्ठ शायर एडवोकेट माहिर हसन ने अपने शेरों के माध्यम से भाईचारे का संदेश देकर जिंदगी के वास्तविक अर्थ को समझाया। कार्यक्रम के अंत में कामाक्षी के व्यवस्थापक कुलदीप त्यागी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सुशासन सप्ताह के दौरान आईएएस मेहरा की अध्यक्षता में वर्कशॉप आयोजित

# विजन-2047 का लक्ष्य महत्वकांक्षी होने के साथ वास्तविकता से हो प्राप्य : आईएएस मेहरा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सुशासन सप्ताह के दौरान प्रशासन गांव की ओर अभियान 2024 के तहत सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सेवानिवृत आईएएस प्रेम सिंह मेहरा की अध्यक्षता में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए आईएएस मेहरा ने कहा कि जो हम भविष्य में अपने समाज की कल्पना करते हैं और आज वर्तमान समय में जो भौतिक स्थिति है, दोनों के बीच के अंतर को पाटना ही सुशासन का उद्देश्य होना चाहिए। विजन-2047 को लेकर हमारा लक्ष्य महत्वकांक्षी होने के साथ-साथ वास्तविकता से प्राप्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमे 2047 से भी पूर्व निकट भविष्य में ही लक्ष्यों को प्राप्त करने की इच्छा शक्ति को पोषित करना होगा। सुशासन का एक अर्थ समावेशी शासन से भी होता है। यह वंचितों, पिछड़ों, शोषितों को साथ लेकर उनके समग्र कल्याण हेतु लक्षित होना चाहिए। सुशासन महज सार्वजनिक संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं बल्कि वे निगम और निजी संस्थान भी इसके दायरे में आते हैं जो शासन के हितधारक हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा किये गये क्षेत्र भ्रमण महज संख्यात्मक न होकर गुणात्मक होने चाहिए। सूक्ष्म एवं विस्तृत निरीक्षण ही असल जमीन पर सकारात्मक परिवर्तन लेकर आते हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में की गई सुशासन प्रथाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ आमजन को शासन के करीब लाना, सुलभ ढंग से सेवाओं की प्रदायगी सुनिश्चित करना एवं परिवादों का सुगम समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रबंधन एवं समन्वय से विकास के लक्ष्यों की वास्तविक की जा सकती है। जिला कलक्टर ने जिले के विजन डॉक्यूमेंट के बारे में अवगत कराया। वर्कशॉप में विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा की गई। विभागीय अधिकारियों ने सेक्टरवार वर्तमान स्थिति एवं भविष्य के विजन को लेकर कार्यशाला में विजन डॉक्यूमेंट पर विस्तृत जानकारी दी। जिले में की गई सुशासन प्रथाओं व पहलों पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रश्न और उत्तर सत्र इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंत में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ ने मुख्य अतिथि एवं सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सुशासन की झलक हमारे कार्य एवं व्यवहार में नजर आनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बयाना में एनएसएस की छात्राओं ने किया श्रमदान

### जीवन में स्वच्छता अपनाने का दिया संदेश साल 22 में 100 घंटे श्रमदान का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत छठवें दिन सोमवार को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की थीम को लेकर कुंडा स्थित संतपुरा मंदिर पर स्वयंसेवी छात्राओं ने श्रमदान किया। छात्राओं ने मंदिर परिसर की साफ सफाई कर आध्यात्मिक मेडिटेशन भी किया। इसके बाद कॉलेज परिसर में स्वच्छ भारत विषय पर संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रिंसिपल डॉ. बरखा तोमर ने स्वंयसेवी छात्राओं को बताया-स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। एक साफ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक शांति भी प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जीवन भर लोगों को स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। इसी सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देशभर में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नाम से अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। इसके लिए अलग से स्वच्छ भारत मिशन बनाकर सरकारी दफ्तरों नगरपालिका और पंचायत समितियों को बजट भी मुहैया कराया जा रहा है। इसके तहत हर घर शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर खुले में शौच जाने की आदत को पूरी तरह से बंद किया जा रहा है। गली मोहल्ले, सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल ने अपने आस-पास के लोगों को अधिक से अधिक स्वच्छता के बारे में जागरूक कर प्रतिवर्ष 100 घंटे श्रमदान करने का छात्राओं को संकल्प दिलाया।

इस मौके पर संकाय सदस्य डॉ. भरत कुमार, राजीव कुमार, सुमन मंगल, स्वंयसेवी छात्राएं मंजू, आयुषी, अर्चना, निशा, रितिका, निधि सोनी आदि मौजूद रहीं।

### अग्रवाल फाउंडेशन ने लगाया नेत्र रोगियों की जांच के लिए शिविर

## शिविर में पहुंचे चार सौ से अधिक मरीज,125 का हुआ ऑपरेशन के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के बसेडी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नेत्र रोगियो खासकर मोतियाबिंद की जांच को लेकर सोमवार को शहर की सामाजिक संस्था अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें नेत्र जांच के लिए करीब चार सौ से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। नेत्र जांच के लिए ग्वालियर के रतन ज्योति हॉस्पिटल की टीम आई ने 125 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया जिनको ग्वालियर ऑपरेशन के लिए ले जाया गया है।

अग्रवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय सेठ द्वारिका प्रसाद गोयल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर यह आयोजन अग्रवाल फाउंडेशन और उनके परिवार जनों के सहयोग से किया गया है। जिसमें ग्वालियर के रतन ज्योति हॉस्पिटल के नेत्र चिकित्सक और मेडिकल टीम को जांच के लिए बुलाया गया। टीम द्वारा मोतियाबिंद से ग्रस्त 125 रोगियों का चयन किया गया। जिनको ऑपरेशन के लिए सोमवार की शाम ही ग्वालियर ले जाया गया। अग्रवाल फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी अंशुल गर्ग ने बताया कि अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा नेत्र रोगियों की जांच और ऑपरेशन के लिए हर वर्ष शिविर का आयोजन किया जाता हैं। इस बार यह चौथी बार स्वर्गीय सेठ द्वारका प्रसाद की पुण्यतिथि पर आयोजन हो रहा है। जिसमें ग्वालियर से आई मेडिकल टीम जांच कर रही है। सुबह 10 बजे से 03 बजे तक तक यह शिविर रखा गया है। जिसमें ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को ग्वालियर ले जाया जाएगा।

**शिविर में गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट भी दी सेवाएं :** नेत्र रोगियों के लिए लगाए गए इस शिविर में जयपुर से आए गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट चिकित्सक डॉ मोहन गोयल भी अपनी सेवाएं दी। अग्रवाल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष सचिन मंगल ने बताया कि डॉ मोहन गोयल स्वर्गीय सेठ द्वारका प्रसाद गोयल के पुत्र है। ऐसे में वे अपने पिता की पुण्यतिथि पर हर वर्ष शिविर में आते हैं और अपनी सेवाएं देते हैं। जिनके लिए भी करीब 75 रोगियों का रजिस्ट्रेशन हुआ।

## जरौली गांव के पास की घटना : पैदल जा रही महिला को हाईवा ट्रक ने रौंदा, लोगों ने जाम किया स्टेट हाईवे

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** रुदावल-बयाना स्टेट हाइवे स्थित गांव जरीला में एक हाइवा ने पैदल जा रही महिला को कुचल दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे स्टेट हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना शाम साढ़े छह बजे की है। सूचना पर रुदावल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के समझाने के बाद रात 10 बजे ग्रामीणों ने जाम को खोला। जिससे स्टेट हाइवे साढ़े तीन घंटे तक जाम रहा। रुदावल एसएचओ नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया की एक हाइवा रुदावल की तरफ से बयाना की तरफ जा रहा था। जैसे ही हाइवा जरीला गांव पार कर रहा था तो इस दौरान हाइवा ने पीछे से महिला को टक्कर मार दी। जिससे हाइवा के टायर के नीचे आने से गांव जरीला निवासी मोहनदेई (44) पत्नी दारासिंह जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने गांव जरीला से निकलने वाले स्टेट हाईवे पर ब्रेकर लगाने की मांग की। सूचना पर एडीशनल एसपी हरिराम कुमावत, सीओ नीरज भारद्वाज, रुदावल एसएचओ नरेन्द्र सिंह, रूपवास एसएचओ लखन खटाना मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर ही ब्रेकर लगवाने एवं बेकाबू चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए। पुलिस अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी एक्सईएन से बातचीत कर ग्रामीणों की मांग से अवगत कराया। जिस पर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने दो दिन में ब्रेकर लगवाने की बात कही। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को दो दिन में स्पीड ब्रेकर लगवाने व वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से जाम खोलने की काफी समझाइश की गई, तब जाकर ग्रामीणों ने जाम को खोला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 20 नवम्बर 2022 को बेकाबू ट्रेक्टर-ट्राली ने एक महिला को कुचल दिया था। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। तब अधिकारियों ने स्पीड ब्रेकर लगवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन स्पीड ब्रेकर अभी तक नहीं लग सके है। इस कारण यह दूसरी घटना हो गई।



## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई, किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, बोले किसान के सच्चे हितेषी थे

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** अखिल भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की ओर से सोमवार सुबह बयाना के सालाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र सिंह कंसाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सिंह कंसाना ने कहा-चौधरी चरण सिंह सही मायनों में किसान नेता थे। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए देश के किसानों के उत्थान को लेकर कई नीतियां बनाई। वे कहते थे कि जब तक देश में गांव, किसान-मजदूर संपन्न नहीं होंगे, तब तक सही मायनों में देश संपन नहीं हो पाएगा। इसके लिए सरकारों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे ग्रामीणों को उनके गांव में ही रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके। चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय की स्थापना की और वित्त मंत्री रहते हुए पहली बार कृषि के बजट को 25600 करोड रुपए रखा। जो उस समय उद्योग बजट से भी ज्यादा था। उन्होंने कृषि आधारित उद्योग धंधों को बढ़ावा दिए जाने और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने की मांग की। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के काम आने वाली रोजमर्रा की वस्तुओं पर टैक्स नहीं लगने दिया। कार्यक्रम में शंकर फौजदार, सतीश शर्मा, महेंद्र प्रजापत, यशपाल कंसाना, रामस्वरूप गुर्जर, रामचरण प्रजापत, वेदप्रकाश कसाना, अजीत सिंह, अशोक गुर्जर, विशाल सिंह, राजेश गुर्जर, ताराचंद जाटव, बाबू प्रजापत, चंद्रभान गुर्जर, चेतन, पुष्कर, सुरेश, दिनेश आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बयाना पालिका एएओ को वैर का अतिरिक्त कार्यभार

## जितेंद्र कुमार गर्ग ने संभाली जिम्मेदारी, कार्मिकों ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** नगर पालिका के एएओ जीतेंद्र कुमार गर्ग को नगरपालिका वैर के अधिशासी अधिकारी (ईओ) के पद पर अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। सोमवार को उन्होंने नगरपालिका वैर के ईओ के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद, नगर पालिका के कार्मिकों और जनप्रतिनिधियों ने ईओ जीतेंद्र कुमार गर्ग का स्वागत करते हुए उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विष्णु महावर, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. सतीश चंद सैनी, मान सिंह सैनी, पूरन चंद धाकड़, खैमा टीडी, सतीश प्रजापत, संतोष धाकड़, परसराम धाकड़, कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार, पवन, उपेंद्र कुमार गौड़, जीतन सिंह, तेज सिंह नसवारिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यभार संभालने के बाद, ईओ जीतेंद्र कुमार गर्ग ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता नगर पालिका क्षेत्र के आमजन की समस्याओं का समाधान करना और सफाई व्यवस्था के साथ-साथ विकास कार्यों को प्राथमिकता देना होगी। इस कदम से नगर पालिका क्षेत्र में समग्र विकास की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएंगे।

**वैर में दो साल से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त :** वैर नगरपालिका में पिछले लगभग दो वर्षों से ईओ (अधिशासी अधिकारी) का पद रिक्त चल रहा है। अब तक भरतपुर के जेईएन पी. एस. गुर्जर इस पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे।

उनकी जगह बयाना के एएओ (सहायक लेखा अधिकारी) जितेंद्र गर्ग को वैर ईओ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। बयाना में भी ईओ का पद रिक्त है। वहां नायब तहसीलदार अंकुर जैन को ईओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## चंबल बजरी से भरे ट्रक पकड़े, 2 आरोपी गिरफ्तार : कोतवाली और मनिया थाना पुलिस ने की कार्रवाई, उत्तर प्रदेश की तरफ जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** कोतवाली और मनियां थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई कर दो दिनों में चंबल बजरी से भरे दो ट्रक को जब्त किया है। दोनों ट्रक के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश से ट्रक में चंबल बजरी भरकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पहली कार्रवाई सीओ सिटी मुनेश मीना के नेतृत्व में कोतवाली थाना पुलिस ने की। जहां थाने के एएसआई गिरवर सिंह ने मध्य प्रदेश की ओर से आते चंबल बजरी से भरे एक ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने ट्रक में मौजूद आरोपी भोलू (27) पुत्र महिपाल निवासी मनियां को गिरफ्तार कर लिया है। वह ट्रक मालिक के कहने पर चंबल बजरी लेकर मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस बजरी तस्कर को लेकर पूछताछ कर रही है। सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी को लेकर दूसरी कार्रवाई मनियां थाना पुलिस ने की है। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि एएसआई मोहनलाल मीणा ने आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर नाकाबंदी के दोरान एक ट्रक को जब्त किया है, जिसमें अवेध चबल बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रक के साथ उसके ड्राइवर बबलू कुमार (25) पुत्र मुरारी लाल निवासी दिहौली को गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मुख्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# गुदड़ी के लाल मोहम्मद जलालुद्दीन ने मां बाप का किया सपना साकार

## परियोजना अभियंता कनिष्ठ विद्युत में राजस्थान में तीसरी रैंक हासिल कर अपने गांव जिले का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता तहसील ग्राम गांव पाटुंदा के मोहम्मद जलालुद्दीन ने परियोजना अभियंता कनिष्ठ विद्युत में राजस्थान में तीसरी रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने मां-बाप के सपनों को साकार किया बल्कि अपने गांव और समाज को भी नई राह दिखाई। एक गरीब परिवार में जन्मे किसान के लड़के के लिए उपयुक्त संसाधन ना होने के बावजूद भी अपनी लगन मेहनत से सफलता हासिल कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि अगर एक व्यक्ति चाहे तो कुछ भी असंभव नहीं है। पिता मौलाना फखरुद्दीन और माता जमीला बानो ने अपने दोनों बच्चों मोहम्मद जलालुद्दीन और



मोहम्मद कमालुद्दीन को कभी भी गरीबी का एहसास नहीं होने दिया और मेहनत मजदूरी कर दोनों बच्चों की शिक्षा पर अपनी पाई पाई लुटा दी। रिजल्ट देख सभी ने मां-बाप की काफी सराहना की।अहले सुन्नत के सदर मोहम्मद आबिद देशवाली ने मौलाना को बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया और बच्चों का मनोबल बढ़ाया उनका कहना था कि आज जो तुम बच्चों की शिक्षा पर खर्च करोगे वह कल तुम्हें कहीं गुना होकर फिर से मिलेगा अब किसान के बड़े बेटे ने कामयाब होकर यह साबित कर दिया कि शिक्षा में वह ताकत होती है जिससे वह पूरे समाज का रुख बदल सकता है। बच्चों ने घर से बाहर रहकर कंपटीशन के लिए तैयारी की और राजस्थान में 11 पोस्ट में से तीसरी रैंक हासिल की। हालांकि जलालुद्दीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में रहकर ही की थी। अहले सुन्नत के सेक्रेट्री ज़ोई अलिफ अंसारी और सख़ावत हुसैन, अशरफ अगवान, अनवर हाशमी, नगीना बानो और हिना बानो ने मोहम्मद जलालुद्दीन और उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# 'जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न'

- संजय सैनी प्रदेश अध्यक्ष व सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव निर्वाचित
- चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष विवेक वैष्णव प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ( नि.स. )।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के द्विर्षिक चुनाव में रविवार को जयपुर में सम्पन्न हुए। प्रदेश कार्यकारिणी वर्श 2025-26 के लिए सम्पन्न चुनाव में संजय कुमार सैनी प्रदेश अध्यक्ष, सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव व कौशल मूंदड़ा प्रदेश कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जार के चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष विवेक वैश्णव प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए है। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी योगेश सैन ने बताया कि जार के चुनाव रविवार को निर्विरोध सम्पन्न हुए जिसमें वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार सैनी अध्यक्ष, दैनिक जोधपुर एक्सप्रेस के संपादक सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव, राजस्थान पत्रिका उदयपुर के संवाददाता कौशल मूंदड़ा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। चित्तौडगढ़ के अधिस्वीकृत पत्रकार विवेक वैष्णव प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह से प्रदेश सचिव पद पर दीपशिखा शर्मा (जयपुर), प्रकाश चपलोत (भीलवाड़ा), अशोक श्रीमाल कार्टूनिस्ट (जयपुर), दिलीप भाटी (बीकानेर), राजेश वर्मा (उदयपुर), पुरुषोत्तम जोशी (टोंक), उमाकांत जोशी (अजमेर) निर्वाचित हुए हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रुप में कमल टेलर संवाददाता (रावतभाटा), सत्यनारायण चांवला व प्रेम रघुवंशी (टोंक), डॉ. सुरेश खटनावालिया (जोधपुर), दिलीप सोनी व रणवीरसिंह चौहान (झालावाड़), राहुल भारद्वाज (दौसा), श्रीकांत खांडल (जयपुर), दुर्गाशंकर षर्मा (बून्दी), महेन्द्र कुमार षर्मा (बून्दी), संजय लढ़ा (भीलवाड़ा), पंकज कुमार सुराणा व विपिन कुमार षर्मा (अलवर), संत कौशिक (भरतपुर), चंचल सनाढ्य (प्रतापगढ़), प्रवीण कोठारी (डूंगरपुर), रामजीलाल षर्मा (जयपुर), रामेश्वर चौहान (पाली) निर्वाचित हुए हैं। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश महासचिव भाग सिंह व प्रदेश कोषाध्यक्ष लेशिष जैन ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामना दी है।

### 'चित्तौड़गढ़ जिला इकाई में हर्ष'

चित्तौड़गढ़ जार जिलाध्यक्ष विवेक वैष्णव के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर तथा रावतभाटा से कमल टेलर के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने पर जिला इकाई के मनोज सोनी, भगवान लाल रेगर, हरिश पालीवाल, नरेन्द्र सेठिया, सुधीर टोंग्या, नंदलाल माली, भूपाल सागर ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय, हेमंत खटीक, अशोक षर्मा, शिवपाल सिंह पंवार, आशीष कोदली, नन्दलाल तेली, निम्बाहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष एस एस अग्रवाल, नरेश मेनारिया, अशोक टेलर, भागचंद वच्छानी, मोहनलाल मेघवाल, कपासन ब्लॉक अध्यक्ष लाल चंद सोनी, सुनील ढाबड़िया, रवि चंद्रन, गजेन्द्र सिंह राणावत, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



### मुख्यमंत्री से मिले जार पदाधिकारी

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने रविवार को चुनाव के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा से से मुलाकात की। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं जार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने नवीन कार्यकारिणी की जानकारी देते हुए परिचय कराया। साथ ही मुख्यमंत्री को पत्रकार आवास, मेडिकल पॉलिसी व पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने आदि के बादे में बताया। मुख्यमंत्री ने बजट से पूर्व पत्रकार हितों से सम्बन्धित मुद्दों पर सुझाव मांगे है तथा हर संभव समाधान का आश्वासन भी दिया। बाद में जार की नवीन कार्यकारिणी ने भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा नारायण पंचारिया से भी मुलाकात कर पत्रकार हितों के मुद्दों व जार संगठन के बारें में अवगत कराया।

### 'पहली बैठक में कई प्रस्ताव पारित' : भंवर सिंह

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक में ही संगठन को मजबूती देने और नए बनाए गए जिलों तक संगठन को बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार, प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक ने प्रदेश में नए बनाए जिलों में संगठन की ईकाईयों के गठन, जिलों में चुनाव करवाने, सदस्यता अभियान चलाने और पत्रकार हितों के मुद्दों पर सामूहिक रुप से प्रयास करने के बारे में बताया। बैठक में संगठन को क्रियाशील करने व सभी जिलों की भागीदारी के लिए यूनियन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव के पदों को बढ़ाने, यूनियन में संगठन महासचिव, प्रदेश संयोजक, सह संयोजक, संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक सचिव के नए पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। संयुक्त सचिव के दस पद व सांस्कृतिक सचिव के एक पद को मंजूरी दी गई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार व महासचिव सुरेश पारीक ने संगठन महासचिव पद पर भंवर सिंह कुशवाह (झालावाड), प्रदेश सांस्कृतिक सचिव पद पर जितेन्द्र शर्मा (जयपुर) को मनोनीत किया है। बैठक में सभी जिलों में चुनाव करवाने और सदस्यता अभियान चलाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

# राजसमंद जिले के उथनोल ग्राम में 18 से 22 जनवरी तक मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन/राजसमंद ।** समीपवर्ती राजसमन्द जिले में पालीवाल समाज 44 श्रेणी उथनोल चोखला समाज संघठन के पदाधिकारी उथनोल ग्राम में नवनिर्मित महाकालिका माता मन्दिर के पांच दिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र रविवार को चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा आदि क्षेत्रों सहित भूपालसागर पहुंचने पर पालीवाल समाज के रामगोपाल पालीवाल,पत्रकार हरीशचन्द्र पालीवाल आदि समाजजनों द्वारा आगंतुक पदाधिकारियों का स्वागत कर सहयोग हेतु आश्वासन दिया गया। साथ ही पालीवाल 44 श्रेणी समाज के उथनोल चौखला अध्यक्ष पूर्णाशंकर जोशी,पूर्व चौखला अध्यक्ष प्यारेलाल जोशी,समाज के संचालक मंत्री विष्णु कुमार जोशी,समाज के सक्रिय सदस्य प्रेमशंकर पालीवाल,किशनलाल जोशी डोलिया द्वारा समीपवर्ती राजसमन्द जिले के ग्राम उथनोल में नवनिर्मित महाकालिका मन्दिर के पांच दिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ के भव्य आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी।

चौखला अध्यक्ष पूर्णाशंकर जोशी ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम 18 से 22 जनवरी 2025 तक आयोजित होगा।उक्त मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की निमंत्रण पत्रिका मेवाड़ एवं गुजराज, मध्यप्रदेश में पालीवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा दी जा रही है ।

# मीरा महोत्सव का आज होगा समापन

## नृत्य और भजनों से मीरा को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** भक्त शिरोमणि मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर दुर्ग पर आयोजित मीरा महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मीराबाई के जीवन और साहित्य पर संगोष्ठी विद्वानों और कलाकारों ने अपना योगदान दिया। संगोष्ठी में सत्यनारायण समदानी, माधव हाड़ा और शिवसिंह सारंगदेवोत ने मीराबाई के जीवन, उनके भक्ति साहित्य और राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने मीराबाई की भक्ति, उनके भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और उनकी काव्य रचनाओं की पर चर्चा की। इस अवसर पर यह बताया गया कि किस प्रकार उन्होंने समाज में भक्ति आंदोलन और स्त्री सशक्तिकरण का संदेश दिया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत, अनुज मिश्रा ने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। उनके नृत्य ने दर्शकों को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान रचनाओं का तालमेल और कथक के भावनात्मक उतार चढ़ाव ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। इसके बाद दयाराम भांड और शेखर सेन ने मीराबाई के प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का एक और आकर्षण था लता सिंह मुंशी का भरतनाट्यम प्रदर्शन। उन्होंने मीराबाई के प्रसिद्ध भजन 'मेरे तो गिरधर गोपाल...' पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। उनके लयबद्ध नृत्य ने मीराबाई के भक्ति भाव को अत्यंत और दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने लता सिंह मुंशी और टीम का सम्मान किया।

# स्वतंत्रता सेनानी स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल के जीर्णोद्धार की मांग, नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कपासन के विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी स्व. भवानीशंकर नंदवाना का नगर के वार्ड नं. 6 स्थित समाधि स्थल की माकूल सुरक्षा एवं जीर्णोद्वार की मांग को लेकर नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

नगर कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता व युवा कांग्रेस जिला महासचिव विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांग्रेस कमेटी कपासन अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अगुवाई में कपासन के विकास पुरुष स्वतंत्रता



सेनानी एवं पूर्व उपराज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल का जीर्णोद्वार, नियमित साफ-सफाई समाधि स्थल पर विद्युत व्यवस्था तथा स्वतंत्रता सेनानी स्व. नंदवाना के नाम पर उक्त मार्ग पर प्रवेश द्वारा बनाने की मांग को लेकर कपासन नगर क्षैत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा को ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता सेनानी एवं कपासन के विकास पुरुष स्व. भवानीशंकर नंदवाना ने अपना संपूर्ण जीवन कपासन क्षैत्र के विकास एवं आमजन की सेवार्थ समर्पित कर दिया। ऐसे महापुरुष की 60वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर इनके नाम पर नगर के मुख्य मार्ग स्थित एसबीआई बैक के सामने प्रवेश द्वार निर्माण कराने की मांग की गयी।

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, लक्ष्मीनारायण व्यास, यूथ कांग्रेस नेता मोहम्मद शेर अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी देवेश बारेगामा, नगर कांग्रेस महासचिव देवेंद्र सेन, यूकां जिला महासचिव रोहित कोदली, पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत, सुनील प्रधान, यूथ कांग्रेस के अशोक लोहार, सत्यनारायण चोटिया, किशन प्रजापत आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जब्त किया अवैध बजरी से भरा डंपर, खनन विभाग लगाएगा जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरा एक डंपर जब्त किया है। अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई के बाद बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया। सदर थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि रविवार रात को गश्त के दौरान बोगला-उन्दरी मार्ग पर अवैध बजरी से भरा एक डंपर आ रहा था। पुलिस टीम ने डम्पर को रुकवाकर चालक से बजरी निर्गमन के संबंध में दस्तावेज मांगे। जिस पर डंपर चालक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कर पाया। पुलिस टीम ने अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त कर पुलिस थाने लाकर खड़ा कर दिया है। इस संबंध में सदर थाना पुलिस ने खनिज विभाग को अवगत करा दिया है। खनिज विभाग के फोरमैन सतीश चौहान ने बताया कि डंपर पर करीब 5 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला जाएगा। कार्रवाई करने के दौरान हेड कांस्टेबल संपत राज मीणा सहित पुलिस का जाब्ता मौजूद था।

# राष्ट्री व्यापी अभियान सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर शिवर संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. ) ।** अंता पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुख्यालय काचरी में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद के निर्देश पर राष्ट्र व्यापी अभियान सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर, कार्यक्रम को विशेष अभियान के दौरान पंचायत काचरी मे गाव की और अन्तर्गत शिविर का आयोजन की मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी तहसीलदार सरपंच जोधराज मीणा व, कई विभागों, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ग्रामीणों द्वारा शिवर में , आकर अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष अवगत कराया इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष ग्राम विकास अधिकारी लगाने की मांग की इससे आमजन को परेशान नहीं होना पड़।

# सेंट पोल्स स्कूल में उत्साहपूर्वक विद्यार्थियो ने क्रिसमस पर्व मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** समीपवर्ती जिला राजसमंद के सेन्ट पॉल्स सी.से. स्कूल में सोमवार को क्रिसमस पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।

विद्यालय प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि क्रिसमस पर्व पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियो द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। साथ ही आधुनिक परिवेश में क्रिसमस का सन्देश दर्शाया गया। विद्यालय व्यवस्थापक फादर बेसिल ने येशु के जन्म को मानवता के लिए समर्पित बताया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. ) ।** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बारां के आदेशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति अंता के तत्वावधान में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अंता के न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया । लोक अदालत हेतु दो बेंच का गठन किया गया। प्रथम बेंच हेतु अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा आर.जे. एस. एवं सदस्य पुरुषोत्तम बिसार्थी अधिवक्ता को नियुक्त किया गया। द्वितीय बेंच में अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा एवम सदस्य उपखंड अधिकारी अंता को नियुक्त किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को समझाया गया । आपसी समझाइस से राजीनामे




करवाये गए। पक्षकारों ने कटुता दुश्मनी का त्याग कर भाईचारे की भावना से राजीनामे किये। सिद्धांत शर्मा आर.जे.एस. ने आपसी राजीनामे से फौजदारी एवं दीवानी, एवम प्री लिटिगेशन के प्रकरणों का निस्तारण किया । लोक अदालत के आयोजन में जयंत कुमार शर्मा रीडर, उज्वल सेठ, हरिओम अग्रवाल, अरुण कुमावत, रोहन प्रताप सिंह, ऐकता मीना, जगदीश प्रसाद शर्मा, विनोद गोतम ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक , बैंक ऑफ बड़ोदा के मैनेजर व जयपुर विद्युत वितरण अधिनियम के प्रतिनिधि एवं रमेश चंद्र काबरा, भगवान प्रसाद दाधीच, जाकिर अंसारी, दुष्यंत विजयवर्गीय, नरेंद्र चौधरी, पुनीत नंदवाना, देवकीनंदन गालव , दिनेश केवट, मुकेश सुमन,भानु प्रसाद गालव आदि अधिवक्ता उपस्थित थे ।

# संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर संसद में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी

## भाजपा की नाकामी के एक साल को लेकर पत्रकार वार्ता आज

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी ) ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर की गई आपत्तिजनक और असम्मानजनक टिप्पणी तथा भाजपा की नाकामी के एक साल को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बारां द्वारा 24 दिसम्बर को प्रेस कांफ्रेन्स का आयोजन रखा गया है तथा इसके बाद राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर बारां को ज्ञापन सौंपा जाकर अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग की जाएगी। प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त निर्देषानुसार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर की गई आपत्तिजनक और असम्मानजनक टिप्पणी तथा भाजपा की नाकामी के एक साल को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बारां द्वारा 24 दिसम्बर को दोपहर 2.00 बजे होटल राज पैलेस में प्रेस कांफ्रेन्स का आयोजन रखा गया है तथा इसके बाद राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलक्टर बारां को ज्ञापन सौंपा जाकर अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग की जाएगी। इस हेतु आयोजित की जाने वाली प्रेस कांफ्रेन्स को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बून्दी विधायक श्री हरिमोहन शर्मा, बारां जिला प्रभारी एवं विधायक बामनवास श्रीमती इन्द्रा मीणा,पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने कांग्रेसजनों ने अधिक से अधिक संख्या में 24 दिसम्बर को दोपहर 2.00 बजे कोटा रोड स्थित होटल राज पैलेस पर पधारने का आग्रह किया है ।

# राम दरबार की प्रतिमा का किया विशेष श्रृंगार, बांटा पोष बड़े का प्रसाद

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** विजयवर्गीय महिला मंडल केकड़ी द्वारा पोष माह के अवसर पर पोष बड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रघुनाथ मंदिर में राम दरबार की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया और भगवान रघुनाथ की आरती कर पोष बड़े का प्रसाद वितरित किया गया।

विजयवर्गीय महिला मंडल केकड़ी की संयोजिका राधा परवा ने बताया कि इस अवसर पर विजयवर्गीय महिला मंडल द्वारा पुरानी केकड़ी स्थित रघुनाथ मंदिर मे महिला कीर्तन का



आयोजन भी किया गया। महिला कीर्तन की शुरूआत अंजू शास्त्री ने गणेश वंदना से की और 'लगन तुमसे लगा बैठ' और 'गोविंद गोपाल रे आज मारा सत्संग में आजा रे' आदि भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर शशि बोरा ने 'आगे आगे लाल लंगोटा पीछे-पीछे भैरव बाबा', 'जरा इतना बता दे कान्हा तेरा रंग काला क्यों रे', गुरुदेव दया करके मुझको अपना लेना', 'कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है', प्रियंका पाटोदिया ने 'ओ अंजलि के लाल हो पवन पुत्र हनुमान', 'मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, सुमन पाटोदिया ने नंदलाल सांवरिया', 'राधे राधे बोल मेरे श्याम आएंगे' तथा सोनल परवा ने 'मेरी झोपड़ी के आज भाग खुल जाएंगे मेरे राम आएंगे' व 'राधे तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए' आदि भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित महिलाओं को भाव विभोर कर दिया।

महिला कीर्तन मे विजयवर्गीय समाज की सभी महिलाएं उपस्थित थीं।

# केकड़ी के प्रणव माथुर बने एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में केकड़ी के प्रणव माथुर को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के प्रभारी कन्हैया कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के निर्देश पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने



प्रदेश कार्यकारिणी में प्रणव माथुर को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश आलाकमान का आभार व्यक्त किया।

### पालिका ने देवली की गौशाला के नाम 50 लाख का टेंडर जारी करके ,कहीं अन्य स्थान पर निर्माण करवा डाला


# वोट बैंक की राजनीति को साधने के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही है पालिका प्रशासन

### देवली में गणेश रोड स्थित गौशाला के नाम 50 लख रुपए की निविदा हुई थी जारी लेकिन रजिस्टर्ड गौशाला में एक ईट भी नहीं लगाई गई

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां गणेश रोड स्थित गौशाला में निर्माण कार्य करवाने को लेकर पालिका ने लगभग चार माह पहले 17 अगस्त 2024 को लगभग 50 लाख की राशि स्वीकृत जारी करके टेंडर प्रक्रिया लागू कर दी गई थी। इसी क्रम में 27 अगस्त 2024 को संवेदकों ने पालिका की शर्तों और नियमों के तहत टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। उक्त दौरान 28 अगस्त 2024 को पालिका प्रशासन ने देवली शहर के गणेश रोड स्थित गौशाला में चार दिवारी, पशु चिकित्सालय एवं टीन शेड निर्माण के लिए अनुमति की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। और इसके बाद उक्त कार्य को प्राप्त करने वाले संवेदक को कार्य आदेश जारी भी कर दिए गए थे। इसी के बीच सोमवार को मामला यह सामने आया कि चार दिवारी, चिकित्सालय, और तीन सेट का निर्माण तो दूर की बात, यहां गणेश रोड स्थित पंजीयन गौशाला में देवली पालिका की ओर से अब तक एक भी ईट नहीं लगाई गई है। जबकि सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार गणेश रोड स्थित गौशाला में निर्माण के नाम भुगतान तक किया जा रहा है।

यहां गणेश रोड स्थित रजिस्टर्ड गौशाला कमेटी के मंत्री अरविंद शर्मा ने जानकारी में बताया कि देवली में गणेश रोड स्थित सार्वजनिक गौशाला में नगर पालिका की ओर से कोई निर्माण कार्य नहीं करवाया जा रहा है । इसी मामले को लेकर यहां लोगों के बीच कई समय से चर्चा बनी हुई है कि आखिरकार पालिका प्रशासन यहां और किस रजिस्टर्ड गौशाला में लगभग50 लाख रुपए की लागत का निर्माण करवा रही है। इसलिए की देवली के गणेश रोड पर केवल एक ही रजिस्टर्ड गौशाला संस्था है। जिसकी देखरेख गौशाला कमेटी द्वारा ही


Office of the Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.

की जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार गणेश रोड स्थित गौशाला के नाम स्वीकृत लगभग 50 लाख की राशि की पूर्ति कहां की जा रही है। यहां देखने वाली बात तो यह भी सामने आई है कि उक्त दौरान निकल गई ई-निविदा सूचना संख्या(02/2024-25) निविदा प्रपत्र पर कोई दिनांक अंकित नहीं की हुई है । ऐसे में लोगों को यह भी आशंकाएं व्याप्त हो रही है कि। शायद कहीं ना कहीं सरकारी कोष को चूना लगाने की नीयत से पालिका प्रशासन ने गणेश रोड स्थित रजिस्टर्ड गौशाला के नाम की आड़ में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए उक्त धन को अन्य क्षेत्र में खर्च करने करने की नीति बना दी गई हो। इस मामले जानकारी लेने के लिए जब पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने पहले तो अपने आप को जनसुनवाई मीटिंग में बैठे होना बताया। फिर बाद में मीडिया के फोन को रिसीव करना तक उचित नहीं समझा। ऐसे में उक्त मामला कहीं ना कहीं जांच का विषय बनता है तो वही उल्लेखनीय है कि पालिका द्वारा यहां करवाएं जा रहे विकास कार्य में भ्रष्टाचार की परत दर परत साफ तौर पर देखी जा सकती है।



# एक अनूठा प्रयास : उदयलाल भील के बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए शिविर में की गई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा/ कोटड़ी।** रुबरु कैंप में उदयलाल भील, जिनके चार बच्चे हैं और जिनके पास किसी भी प्रकार का पहचान पत्र नहीं था, प्रधान के संज्ञान में आए। प्रधान ने तुरंत ही बच्चों का स्कूल में प्रवेश दिलवाने के लिए भेजा और सचिव को निर्देश दिया कि इनके बच्चों के पहचान पत्र बनवाने की व्यवस्था की जाए। उदयलाल भील ने अब तक अपना मतदान का अधिकार भी प्रयोग नहीं किया था। इसके बाद सभी आवश्यक प्रमाण पत्र बनवाकर उन्हें समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया गया। शिविर में उनके जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए, राशन कार्ड का आवेदन ऑनलाइन किया गया और उन्हें नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए प्रधान और बोरदा सरपंच ने गोद लेने का वचन दिया।

**कलेक्टर शाहपुरा का त्वरित कदम :** एक महिला कलेक्टर शाहपुरा के पास अपनी अर्जी लेकर आई और बताया कि तीन साल पहले उनके पति का निधन हो गया था, लेकिन न तो मृत्यु प्रमाण पत्र बना और न ही पेंशन मिल रही थी। इस पर कलेक्टर शाहपुरा ने तुरंत आदेश दिया कि उनका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाए और पेंशन योजना का लाभ दिलवाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही, सामाजिक कल्याण विभाग को आदेश दिया गया कि महिला को तुरंत सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

# जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एडीएम ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए बेहतर प्रगति के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** राज्य सरकार के अनुसार निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह 19 से 24 दिसंबर तक आयोजन हो रहा है । इसी के अंतर्गत सोमवार, 23 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मोहनलाल खटनावलिया , उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 2047 तक विकसित देश व विकसित राज्य की संकल्पना को साकार करने



की दिशा में विजन 2047 को लेकर एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले में हुए नवाचारों पर चर्चा हुई । कार्यशाला में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों से स्वयं के विभागों के विजन 2047 तक किए जाने वाले कार्यों व एजेंडा की समीक्षा की। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय का योग्य समीक्षा कर बेहतर प्रगति के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यशाला से पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने समस्त विभागों के विभागीय प्रगति, योजनाओं व बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभागवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुरूप विभागों की योजनाओं का जिले में ओर भी ज्यादा बेहतर व प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए जिससे कि जिले के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके। अतिरिक्त कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन भी विभागों को भूमि का आवंटन किया गया वे पट्टे बनवाना व कब्जा लेना सुनिश्चित करें । इसके साथ ही उन्होंने संपर्क पोर्टल व 181 के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत कनेक्शन, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन, नगर परिषद से जुड़े विभिन्न मुद्दों सहित अन्य विभागों की बारीकी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त दलीप पुनिया सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## बिना किसी व्यवधान के समाधान हो तभी सुशासन की सार्थकता



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जिला प्रशासन की ओर से पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के.सी. वर्मा के मुख्य आतिथ्य, जिला कलक्टर शुभम चौधरी व पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सुशासन का अर्थ है जब आमजन के कार्य बिना किसी व्यवधान व रूकावट के घर बैठे हो सके, आमजन व प्रशासन के मध्य संवादहीनता न हो, संवाद कायम रहे, आमजन की समस्याओं का बिना किसी व्यवधान के समाधान हो तभी सुशासन की सार्थकता है।

उन्होंने जिला कलक्टर को जेलों का भ्रमण भी बालिकाओं को कराने का सुझाव दिया ताकि अन्य महिला कैदियों से सबक ले और अपराध करने से बचे। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित व संतोषजनक निराकरण करने हेतु प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले के 5 ब्लॉक सवाई माधोपुर, खण्डार, बौंली, चौथ का बरवाड़ा एवं मलारना डूंगर में सभी विभागों के अधिकारिगण उपस्थित रह कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें राहत प्रदान कर रहे है।

उन्होंने बताया कि सुशासन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभिनव कार्यक्रम एवं नवीन अभियानों को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को सुशासन उपलब्ध कराने के साथ-साथ सवाई माधोपुर को 2047 तक विकसित जिला बनाने के लिए उच्च उपज वाली बीज किस्मों, विविध खेती जैसी उन्नत प्रोद्योगिकी को अपनाकर कुल फसल उत्पादन को 5 गुना बढाना है। सभी किसानों को फसल बीमा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जावेगा।

इस दौरान आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक डिंपल गुर्जर ने सवाई माधोपुर विजन डॉक्यामेंट 2047 की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, पीएमओं डॉ. अमित गोयल, नगर परिषद आयुक्त पंकज मीणा, उप निदेशक महिला बाल विकास अमित गुप्ता, एलडीएम परेशनाथ बनर्जी, उप निदेशक गौरी शंकर मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिंकेश गर्ग बने जेसीआई ब्यावर के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** रविवार को जेसीआई ब्यावर की इलेक्शन जनरल बैठक रांका जी की बगीची में सम्पन्न हुई। जिसमें कोषाध्यक्ष वीरेश सांखला द्वारा वर्ष भर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में हाल ही में आयोजित हुई जोन कांफ्रेंस के सफल आयोजन का जश्न मनाया गया। मंत्री सुमित भुतड़ा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया व अध्यक्ष सुशील कुमार छल्लानी द्वारा सभी सदस्यों को वर्ष भर दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। चुनाव अधिकारी दिनेश सोनी व कमल छाजेड द्वारा सर्वप्रथम अध्यक्ष पद हेतु चुनाव करवाया गया। जिसमे संस्थापक अध्यक्ष ऋषभ कांकरिया द्वारा पिंकेश गर्ग का नाम प्रस्तावित किया गया व सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से आगामी 2 वर्ष के लिए पिंकेश गर्ग को अध्यक्ष चुना गया। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पिंकेश गर्ग द्वारा उन पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया व आगामी वर्ष की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। गर्ग ने बताया कि वह शीघ्र ही कार्यकारिणी का गठन करेगें।

## बाबा साहेब के सम्मान में बसपा का धरना प्रदर्शन 24 दिसम्बर को

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। बहुजन समाज पार्टी के कोटपूतली बहरोड़ जिला प्रभारी दीपचंद आर्य ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सम्मान में ! बीएसपी मैदान में !आर्य ने बताया कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देशानुसार बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला कोटपूतली बहरोड यूनिट, व समर्थक तथा बसपा कार्यकर्ता दिनांक 24 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमान जनक व अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में संवैधानिक व्यवस्था के तहत जिला मुख्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया किया जाएगा और भारत के राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सभी सम्मानित साथियों को सादर सूचित कर दिया गया है। आर्य ने बताया कि दिनांक 24.12.2024 को मंगलवार समय दोपहर 12:00 बजे स्थान नगर परिषद अंबेडकर पार्क कोटपूतली में में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर इसका विरोध प्रदर्शन करेंगे।ज्ञापन जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष,विधानसभा अध्यक्ष व जिम्मेदार साथी पूरी तैयारी के साथ में इस कार्यक्रम को मजबूती से सफल बनाएंगे। उन्होंने आह्वान किया कि निकलो बाहर मकानों से! जंग लड़ो बेईमानों से!

## अतिरिक्त मुख्य अभियंता,तत्कालीन सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं कॉन्ट्रेक्टर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कार्रवाई करते हुए उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप खेलगांव चित्रकूट नगर में क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के संबंध में प्राथमिकी की सत्यापन रिपोर्ट, तकनीकी समिति की रिपोर्ट, एफएसएल जयपुर एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, सा.नि.वि उदयपुर से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट तथा संबंधित रिकॉर्ड के आधार पर मामला किया गया था। जिस पर एसीबी की उदयपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में अतिरिक्त मुख्य अभियंता, तत्कालीन सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं कॉन्ट्रेक्टर को गिरफ्तार किया है।

## साल-दर-साल घट रहा बजट, श्रमिकों को भी कम मिल रहा रोजगार मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना बजट पर कैंची चला रही सरकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार ने भले ही इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना कर दिया हो, मगर सरकार की ओर से जारी किया जा रहा बजट ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। इस बार सरकार ने सालाना बजट भी घटाकर डेढ़ करोड़ रुपए कर दिया है, जबकि नगरपरिषद में पूर्व में तीन करोड़ रुपए का बजट जारी किया था। इसका असर शहरी क्षेत्र में रोजगार करने वाले लोगों पर पड़ रहा है।

**कांग्रेस सरकार ने शुरू की थी योजना :** मनरेगा की तर्ज पर राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को आसान कार्य उपलब्ध करवाने के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की थी। इसमें परिवार को प्रतिवर्ष सौ दिन का रोजगार दिया जाना तय किया था। यह योजना 9 सितंबर 2022 को राजस्थान सरकार ने लागू की थी। इस दौरान सवाईमाधोपुर को छह करोड़ का बजट जारी किया गया। वहीं पिछले साल घटाकर तीन करोड़ कर दिया और इस वित्तीय वर्ष में अब बजट केवल डेढ़ करोड़ का ही रह गया है।

**आधी रह गई मजदूरों की संख्या :** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजना में प्रतिदिन लेबर की संख्या करीब सात सौ से आठ सौ थी, लेकिन अब घटकर आधी ही रह गई है। वर्तमान में योजना के तहत लोगों को रोजगार भले ही दिया जा रहा हो, मगर बजट कम होने से कम लोगों को रोजगार मिल रहा है।

**फैक्ट फाइल...**

- मुख्यमंत्री शहरी मनरेगा योजना के तहत नगपरिषद क्षेत्र में कुल जॉब कार्ड - 6 हजार 782
- कुल श्रमिकों की संख्या - 350
- इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा श्रमिकों के लिए आया कुल बजट - डेढ़ करोड़ रुपए
- मनरेगा का समय सुबह आठ से शाम पांच बजे तक।
- शहरी मनरेगा में मेट की प्रतिदिन देय राशि - 271 रुपए
- लेबर को देय प्रतिदिन राशि - 259 रुपए
- 25 नवम्बर 2024 को बदला था योजना का नाम
- 9 सितंबर 2022 को शुरू हुई थी इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना
- योजना के तहत प्रत्येक श्रमिक को 15 दिन का रोजगार देय है।

**इनका कहना है...**

योजना के शुरुआती दौर में सरकार ने नगरपरिषद को छह करोड़ का बजट जारी किया था। लेकिन अब बजट में कटौती की जा रही है। वर्तमान में वित्तीय वर्ष में केवल डेढ़ सौ करोड़ का ही बजट जारी किया है। इससे श्रमिकों की संख्या भी आधी रह गई है।

**सुनील मीणा, कनिष्ठ तकनीकी सहायक, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, सवाईमाधोपुर।**

# राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मूर्ति देवी महाविद्यालय - बानसूर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा निवृत्त प्रिसीपल श्री बनवारी लाल यादव, शिवलाल यादव एवं निदेशक मुकेश यादव व प्राचार्य जे.के यादव ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद स्वयं सेवक एवं स्वयं



सेविकाएँ ने एनएसएस के लक्ष्य गीत को गाकर राष्ट्रीय सेवा के ध्येय वाक्य स्वयं से पहले आपको विशेष शिविर में चरितार्थ करने की प्रतिज्ञा ली /एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री विक्रम सिंह आर्य ने सात दिवस तक चलने वाली एनएसएस के विशिष्ट कार्य योजनाओं का संक्षेप में वर्णन प्रस्तुत किया।

# टीपर चालकों की हड़ताल शुरु, घर-घर कचरा संग्रहण कार्य हुआ ठप्प, ठेकेदार की नादिरशाही

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** सोमवार को नगर परिषद ब्यावर के 60 वार्डों में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने वाले ऑटो टिपर चालक हड़ताल पर चले गये। जिससे सोमवार को संपूर्ण शहर में कचरा संग्रह नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार कचरा संग्रहण का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जाता है। ठेकेदार द्वारा संपूर्ण शहर में 20 टिप्पर चालकों के द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य होता रहा है।

टिप्पर चालक हेमराज ने बताया कि बालाजी केयरटेकर फार्म के ठेकेदार नीरज रोज द्वारा अप्रैल माह से ईपीएफ का पैसा उनके खाते में नहीं भेजा है। ठेकेदार द्वारा पूर्व में भी उन्हें आश्वासन दिया था कि तीन दिन में कर्मचारी भविष्य निधि का पैसा उनके खाते में आ जाएगा मगर आज दिन तक यह पैसा उनके खाते में नहीं आया है। जिसके कारण सभी 20 ऑटो टिपर चालको पर रोजी-रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा बार-बार कर्मचारियों को गुमराह करके टेंपो टिप्पर चालकों को लगातार काम करने, हड़ताल पर नहीं जाने की बात कह रहा है, मगर अप्रैल माह से उनके खाते में ईपीएफ का पैसा नहीं आया है। सभी चालकों ने आगामी दिनों तक शहर में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य नहीं करने की बात कही है। गौरतलब है की घर-घर कचरा संग्रहण ठेके का कार्य प्रारंभ से ही विवादित रहा है और चर्चा है कि कचरा संग्रहण का ठेका तत्कालीन नगर परिषद आयुक्त श्रवणराम चौधरी के किसी करीबी को लाभ पहुंचाने की नीयत से अधिक दर पर दिया गया है। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुये इस मामले को सुलझाने के प्रयास किये जा रहे है।

# जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर परिषद के संयुक्त दल ने सरकारी भूमि से हटाया अवैध अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि से अवैध अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है ।

इसी के तहत सोमवार को प्रशासन व नगर परिषद के दल द्वारा राजस्व ग्राम मेडिया में 639/20 में स्थित भूमि पर भवरू काठात पुत्र देवा काठात द्वारा कांटो की बाड़ लगाकर व लोहे की तारबंदी द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत मिली ।

प्रशासन को शिकायत मिलने पर त्वरित प्रभाव से नगर परिषद द्वारा कांटो की बाड़ लगाकर व लोहे की तारबंदी द्वारा अतिक्रमण करने को त्वरित रूप से हटाया गया एवं नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण किए गए स्थान पर 4 बोर्ड लगाये गये व अस्थाई झोपडी को हटाये जाने की कार्यवाही सम्पादित की गई।





उक्त कार्रवाई के दौरान विकास कुमावत ,राजस्व अधिकारी, कपिल गौरा कनिष्ठ अभियंता भी जुंझार सिंह वरिष्ठ सहायक, सुरेश काठात, वरिष्ठ सहायक, कैलाश मीणा, स्वास्थय निरिक्षक सहित जमादार मय टीम के उपस्थित रहे।

चैंपियंस ट्रॉफी

# भारत-पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को होगा

## आईसीसी ने न्यूट्रल वेन्यू दुबई चुना, भारत सेमीफाइनल-फाइनल में पहुंचा तो ये मैच भी यहीं होंगे



नई दिल्ली।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। यह महामुकाबला यूएई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच बैठक हुई। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। फाइनल 9 मार्च को लाहौर होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होंगे।

### भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को होगा

भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा, जबकि आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल (4 और 5 मार्च) व फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है।

### 15 में से 5 मैच संयुक्त अरब अमीरात में होंगे

8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है। भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं। गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तान टीम

पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

### मुंबई में आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान नहीं जा रहा भारत

भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं। पाकिस्तान में 2009 के दौरान श्रीलंका टीम पर भी आतंकी हमला हो चुका है।

### वेन्यू तय होने से ट्रेंड में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी

शनिवार रात को चैंपियंस ट्रॉफी का न्यूट्रल वेन्यू फाइनल किया गया। साथ ही भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख भी आई। ऐसे में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी गूगल में टॉप ट्रेंड पर आ गई।

### 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडिया

टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

### 2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेलने भारत आया था पाकिस्तान

पाकिस्तान ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे में 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे के लिए इंग्लैंड टीम घोषित

## बेन स्टोक्स का नाम नहीं; बल्लेबाज जो रुट की एक साल बाद वापसी

नई दिल्ली।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का नाम नहीं है। वहीं करीब एक साल बाद बल्लेबाज जो रुट की वनडे टीम में वापसी हुई है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड की कप्तानी जोस बटलर करेंगे। इंग्लैंड की टीम 22 फरवरी से 12 जनवरी तक भारत का दौरा करेगी। टीम इस टूर में भारत से 5 टी-20 और 3 वनडे मुकाबले खेलेगी। जबकि चैंपियंस ट्रॉफी के शेड्यूल की अब तक घोषणा नहीं हुई है।

### 2023 वर्ल्ड कप के बाद से टीम से बाहर है रुट

भारत में हुए 2023 वर्ल्ड कप में खराब फॉर्म के चलते सीनियर बल्लेबाज जो रुट को वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इस टूर्नामेंट में ग्रुप-स्टेज से बाहर हो गई थी। रुट ने इस वर्ल्ड कप में 30.66 की औसत से 276 रन बनाए थे। 34 साल के रुट अभी टेस्ट के नंबर-1 बल्लेबाज है। उन्होंने 2024 टेस्ट में 6 शतक के साथ 1556 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 55.57 का रहा है। वनडे में रुट ने 2019 के बाद खेले हुए 28 मैचों में करीब 29 की औसत से 666 रन बनाए थे।

### टेस्ट कैप्टन बेन स्टोक्स का नाम नहीं

इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का टीम में नाम नहीं है। इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान स्टोक्स चोटिल हो गए थे। उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है। इस मैच में इंग्लैंड को कीवियों ने 423 रन से हराया था।

### ब्रैंडन मैक्कुलम के लिए पहला बड़ा टूर्नामेंट

इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैक्कुलम के लिए व्हाइट बॉल फॉर्मेट में चैंपियंस ट्रॉफी पहला बड़ा टूर्नामेंट होगा। वे पहली बार बतौर हेड कोच भारत के व्हाइट बॉल दौरे पर होंगे।

# पाकिस्तान ने 36 रन से जीता तीसरा वनडे

## साउथ अफ्रीका में पहली बार क्लीन स्वीप किया; शफीक कोई रन नहीं बना सके



जोहान्सबर्ग

पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 36 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही है। जोहान्सबर्ग में रविवार को खेले गए इस बारिश से प्रभावित मुकाबले का फैसला डक्र्स मैथड से हुआ। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रन पर ऑलआउट हो गई। सईम अयूब प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 101 रन की शतकीय पारी खेली। 2 कैच पकड़े और एक विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

### रोचक फैक्ट

पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ उसी के घर में पहली पर क्लीन स्वीप किया है। टीम ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में लगातार तीसरी सीरीज जीती है। पाकिस्तानी ओपनर अब्दुल्लाह शफीक सीरीज में कोई रन नहीं बना सके। वे तीनों मैचों में शून्य पर आउट हुए। 3 मैचों की सीरीज में ऐसा पहली बार हुआ।

### सईम की सेंचुरी, बाबर-रिजवान ने फिफ्टी जमाई

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर सईम अयूब ने बाबर आजम के साथ मिलकर टीम को 100 रन का आंकड़ा पार कराया। फिर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, आग सलमान ने 48 और तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया।

### कगिसो रबाडा को 3 विकेट

साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट मिले। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश के हिस्से एक-एक विकेट आए।

### क्लासेन की फिफ्टी

308 रन का संशोधित टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से टॉप-5 विकेट के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। 81 रन की पारी खेलने वाले हेनरिक क्लासन ने छठे विकेट के लिए मार्को यानसन के साथ 71 रनों की साझेदारी की, लेकिन वह जीत के लिए काफी नहीं थी।

### सुफियान मुकीम को 4 विकेट

पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम ने चार विकेट झटके। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को 2-2 विकेट मिले।

### सैम अयूब ने दक्षिण अफ्रीका में लगाया दूसरा वनडे शतक, कोहली की सूची में हुए शामिल



पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को उसकी धरती पर वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया और इतिहास में ऐसा करने वाली पहली टीम बनी। यह जीत मुख्य रूप से सैम अयूब के शानदार प्रदर्शन की वजह से मिली, जिन्होंने जोहान्सबर्ग में हुए तीसरे वनडे में शतक बनाया। अयूब ने 94 गेंदों पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 101 रन की पारी खेली।

**कोहली के साथ इस सूची में शामिल हुए अयूब** - तीसरे वनडे में अयूब का शतक इस सीरीज का उनका दूसरा शतक था। इसके साथ ही वह दक्षिण अफ्रीका में द्विपक्षीय वनडे सीरीज में एक से अधिक शतक लगाने वाले मेहमान बल्लेबाजों में शामिल हो गए। इस सूची में डेविड वार्नर, फखर जमान, जो रूट, केविन पीटरसन और विराट कोहली जैसे महान क्रिकेटर शामिल हैं। जोहान्सबर्ग में वनडे शतक लगाने वाले अन्य एशियाई बल्लेबाज शिखर धवन, फखर जमान, सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा हैं।

**पाकिस्तान ने बनाया बड़ा स्कोर** - पहली पारी में पाकिस्तान ने निर्धारित 47 ओवरों में 308/9 का विशाल स्कोर बनाया। यह मुख्य रूप से अयूब की शानदार पारी की वजह से संभव हुआ। उन्होंने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान का अच्छा साथ मिलकर क्रमशः 114 और 93 रन की साझेदारी की। बाबर ने 52 रन बनाए, जबकि कप्तान रिजवान ने 53 रन की पारी खेली।

# एक-दूजे के हुए वेंकट दत्ता साई और पीवी सिंधु, शादी की पहली तस्वीर आई सामने



नई दिल्ली।

बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने शादी कर ली। उन्होंने हैदराबाद के उदमी वेंकट दत्ता साई के साथ उदयपुर में सात फेरे लिए। परिवार और दोस्तों के बीच पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाजों से शादी हुई। सोशल मीडिया पर शादी की कुछ झलकियां देखने को मिलीं। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई जोड़ी को आशीर्वाद दिया और शादी की एक तस्वीर भी शेयर की। फोटो शेयर करते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने लिखा- कल शाम उदयपुर में हमारी बैडमिंटन चैंपियन ओलंपियन पीवी सिंधु और वेंकट दत्ता साई के विवाह समारोह में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हुई और मैंने जोड़े को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

### 20 दिसंबर को शुरू हुआ था कार्यक्रम :

सिंधु और दत्ता साई 24 दिसंबर को हैदराबाद में एक रिसेप्शन भी देंगे। शादी की रस्में 20 दिसंबर से संगीत समारोह के साथ शुरू हुईं, उसके बाद हल्दी, पेलिकुथुरु और मेहंदी की रस्में हुईं। सिंधु ने क्रीम रंग की साड़ी पहनी, जबकि दत्ता साई ने मैचिंग क्रीम रंग की शेरवानी पहनी। सिंधु के पिता ने बताया कि दोनों परिवार एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं, लेकिन शादी की तैयारी एक महीने में ही पूरी हो गई। सिंधु के व्यस्त प्रशिक्षण और प्रतियोगिता शेड्यूल को देखते हुए शादी की तारीख तय की गई।

### दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट हैं सिंधु :

पीवी सिंधु भारतीय स्पोर्ट्स इतिहास की सबसे बड़ी महिला एथलीट में गिनी जाती हैं। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीता था। वह ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके बाद 2020 तोक्यो ओलिंपिक में सिंधु के खाते में ब्रॉन्ज मेडल आया। उन्होंने 2019 में बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया था।

# श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित

नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ 28 दिसंबर से टी-20 सीरीज और उसके बाद 5 जनवरी, 2025 से वनडे सीरीज खेलनी है। इन दोनों घरेलू सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीमों का ऐलान किया है। युवा बल्लेबाज बेवॉन जैकब्स को टी-20 टीम में शामिल किया गया है। रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल और मैट हेनरी की टी-20 और वनडे दोनों टीमों में वापसी हुई है।

### मुंबई इंडियंस के जैकब्स को मिला टीम में मौका

जैकब्स को हाल ही में आईपीएल की बड़ी नीलामी में मुंबई इंडियंस ने खरीदा था। उन्होंने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए थे। उन्होंने अब तक 9 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 33.50 की औसत और 188.73 की स्ट्राइक रेट के साथ 134 रन बनाए हैं। वह सम्भवत: टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना डेब्यू कर सकते हैं।

### इन खिलाड़ियों का भी हुआ चयन

जैक फाउलकेस, मिच हे और टिम रॉबिन्सन की तिकड़ी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में अपना डेब्यू किया था, पहली बार घरेलू सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं। मिच को वनडे और टी-20 दोनों टीमों में जगह मिली है। विल ओरुके और विल यंग सिर्फ वनडे सीरीज के लिए चुने गए हैं। केन विलियमसन और डेवोन कॉनवे ने खुद को वनडे टीम के अनुपलब्ध लिए रखा है।

### न्यूजीलैंड के वनडे और टी-20 टीम

**न्यूजीलैंड की टी-20 टीम :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस, मिच हे, मैट हेनरी, बेवॉन जैकब्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम रॉबिन्सन और नाथन स्मिथ।

**न्यूजीलैंड की वनडे टीम :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, मिच हे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, विल ओरुके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ और विल यंग।



### 28 दिसंबर से शुरू होगी टी-20 सीरीज

28 दिसंबर से टी-20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 30 दिसंबर को दूसरा और 2 जनवरी, 2025 को तीसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। शुरुआती 2 टी-20 मैच बे ओवल और तीसरा टी-20 सेक्सटन ओवल में होगा। इसके बाद 5 जनवरी को बेसिन रिजर्व में होने वाले मुकाबले से वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। आखिर में 8 जनवरी (सेडन पार्क) को दूसरा और 11 जनवरी (ईडन पार्क) को तीसरा वनडे खेला जाएगा।

# विमेंस वनडे क्रिकेट में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत : वड़ोदरा में वेस्टइंडीज को 211 रन से हराया; मंधाना के 91 रन, रेणुका को 5 विकेट

वड़ोदरा।

भारत बनाम वेस्टइंडीज विमेंस टीम के बीच वनडे सीरीज के पहले मैच में रविवार को भारत ने अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 211 रन से हराया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के 91 रन की मदद से 9 विकेट खोकर 314 रन बनाए।

जवाब में कैरेबियाई विमेंस टीम 26.2 ओवर में 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से रेणुका सिंह ने 5 विकेट लिए। रविवार को वडोदरा में मंधाना ने लगातार चौथी फिफ्टी लगाई। उनके अलावा हरलीन देयोल ने 50 गेंदों पर 44 रन और ऋचा घोष ने 12 गेंदों पर 26 रन बनाए।




| टीम | नतीजा | जगह | साल |
|---|---|---|---|
| आयरलैंड | 249 | सेडगर्स पार्क, सा. अफ्रीका | 2017 |
| वेस्टइंडीज | 211 | वड़ोदरा, इंडिया | 2024 |
| पाकिस्तान | 207 | दांबुला, श्रीलंका | 2008 |

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 23 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से जायदा जेम्स को 5 विकेट मिले। इस मैच में भारतीय टीम अपनी नई वनडे जर्सी पहनकर खेलने उतरी। पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़े उपकप्तान स्मृति मंधाना ने डेब्यू कर रही प्रतिका रावल (69 में से 40 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मिडिल ऑर्डर में मंधाना को हरमनप्रीत कौर, हरलीन देयोल, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स (31 रन) का साथ मिला, जिसकी मदद से भारत का स्कोर 300 के पार पहुंचा।

हार्ड-हिटिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बाहर करने के बाद भारत ने मंधाना के साथ ओपनिंग करने के लिए कई बल्लेबाजों को आजमाया और रविवार को दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका की बारी थी, जिन्होंने 57.97 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

मंधाना ने 91 रन बनाए मंधाना ने पूरी पारी में शानदार कवर ड्राइव और पुल शॉट्स लगाए। मंधाना ने 91 रन की पारी में 13 चौके लगाए। कप्तान हरमनप्रीत और ऋचा ने तेजी से बल्लेबाजी की। वेस्टइंडीज के लिए बाएं हाथ की स्पिनर जायदा जेम्स ने शानदार बॉलिंग की। उन्होंने आठ ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट लिए। भारत ने डेथ ओवरों में केवल 20 रन बनाए और जेम्स ने अंतिम ओवर में तीन विकेट लिए।

रेणुका सिंह ने 5 विकेट लिए 315 रन का टारगेट लेकर उतरी वेस्टइंडीज विमेंस टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने अपने 5 विकेट मात्र 26 रन पर गंवा दिए। टीम स्विंग गेंदबाज रेणुका सिंह की गेंदबाजी को समझ नहीं पाई। रेणुका ने 10 ओवर में मात्र 29 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रेणुका ने कप्तान हैली मैथ्यूज को शून्य रन, डब्ल्यूपीएल 2025 की सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन को 8 रन, शेमैन कैम्पबेल को 21 रन, अलियाह अलयने को 13 रन और शाबिका गजनबी को 3 रन के स्कोर पर आउट किया। रेणुका के अलावा प्रिया मिश्रा ने 2 और दीप्ति शर्मा ने 1 विकेट लिए। टीम से सबसे ज्यादा रन फ्लेचर ने बनाया। उन्होंने 22 बॉल पर 24 रन की नाबाद पारी खेली। इनिंग में फ्लेचर ने 3 चौके लगाए।

एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# भागवत बोले- धर्म का अधूरा ज्ञान अधर्म करवाता है

## धर्म की सही शिक्षा मिले, इसकी समझ की कमी के कारण दुनियाभर में अत्याचार हुए

बढ़ता राजस्थान



**अमरावती (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि धर्म को समझना बहुत कठिन है। धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार गलतफहमी और धर्म की समझ की कमी के कारण हुए। महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में भागवत ने कहा- धर्म महत्वपूर्ण है और इसकी सही शिक्षा दी जानी चाहिए।

धर्म का अनुचित और अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है। मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को भी पुणे में एक बयान में कहा था कि हर दिन मंदिर-मस्जिद विवाद उठाया जाना सही नहीं है। कुछ लोग सोचते हैं ऐसा करके हिंदुओं के नेता बन जाएंगे।

### भागवत के बयान की बड़ी बातें


धर्म हमेशा से अस्तित्व में रहा है और सब कुछ इसके अनुसार काम करता है और इसलिए इसे सनातन कहा जाता है, सृष्टि के आरंभ से अंत तक की संहिता सनातन धर्म है।

धर्म सत्य का आधार है। इसलिए धर्म की रक्षा करना बहुत जरूरी है। संप्रदाय कभी लड़ना नहीं सिखाता, वह हमेशा समाज को जोड़ता है। यह सत्य, अहिंसा, शांति और समानता की भावना को जागृत करता है। धर्म को समझाने के लिए संप्रदाय जरूरी हैं, क्योंकि इनके बिना कोई भी मार्ग नहीं चल सकता। बाबा ने इसे समझाया है, इसके लिए बुद्धि की जरूरत होती है। जिसमें बुद्धि होती है, उसे ही हम संप्रदाय कहते हैं।

# भाजपा जिला मंत्री मथुरिया ने तोड़ा दम

## पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने जाने के दौरान हुआ था हादसा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर से प्रधानमंत्री मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे कार्यकर्ताओं का दुखद आता हुआ था जिसमें भाजपा की जिला मंत्री दीनदयाल मथुरिया गंभीर घायल हुए थे। एक सप्ताह तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद आखिरकार सोमवार दोपहर को भाजपा की जिला मंत्री दीनदयाल मथुरिया ने दम तोड़ दिया? जिससे जिला भाजपा सहित पुराने शहर में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

सवाई माधोपुर से प्रधानमंत्री मोदी की कार्यक्रम में शामिल होने से जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का कुस्तला टोल के पास भीषण सड़क हुआ। जिसमें भाजपा के चार कार्यकर्ता घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में जिला अस्पताल लाया गया। जहां से भाजपा जिला मंत्री दीनदयाल मथुरिया व शहर मंडल उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी की हालत गंभीर होने के चलते जयपुर रैफर कर दिया। वहीं सुरजीत सिंह, जयप्रकाश सांवरिया का रणथम्मौर सेविका में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को नगर परिषद की कार्यवाहक सभापति मेघा वर्मा के ससुर सुरजीत सिंह, जिला मंत्री दीनदयाल मथुरिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, शहर मंडल उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता जयप्रकाश सांवरिया, अविनाश शर्मा और गोवर्धन सोनी स्कार्पियो कार में सवार होकर एक्सप्रेस वे से जयपुर जा रहे थे। इसी दौरान कुस्तला ट्रोल प्लाजा के पास स्कार्पियो कार की एक ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसमें चार भाजपा कार्यकर्ता घायल हो? गए। वहीं ट्रक ड्राइवर मौके से? फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन? में चारों घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचाया।

# रोहतक का जवान मणिपुर में शहीद : नक्सलियों ने किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**रोहतक (एजेंसी)।** हरियाणा के रोहतक जिले का जवान मणिपुर में नक्सलियों के हमले में शहीद हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही परिवार और गांव में गमगीन माहौल है। शहीद जवान दो बेटियों के पिता थे और तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को गांव में पहुंचेगा। जहां पर सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रोहतक के गांव किलोई निवासी करीब 45 वर्षीय सुनील पहलवान बीएसएफ में तैनात थे। जिन्होंने करीब 17-18 साल पहले बीएसएफ में भर्ती हुए थे। जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। वहीं सुनील बचपन से ही पहलवानी करते थे। अच्छी तैयारी करके वे बीएसएफ में नौकरी पर लग गए। फिलहाल उनकी ड्यूटी मणिपुर में थी।

# जयपुर, बीकानेर सहित 5 जिलों में बारिश

## कोटा, सीकर सहित कई इलाकों में बादल छाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर राजस्थान के विभिन्न जिलों में रविवार रात से ही दिखने लगा। बीकानेर, श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ में रात से ही रुक-रुक कर बारिश हुई। यह सिलसिला सोमवार सुबह तक जारी रहा। वहीं जयपुर के कुछ इलाकों में दोपहर को बारिश हुई। सीकर के फतेहपुर और चूरू में भी सुबह हल्की बरसात हुई है। कोटा, भरतपुर सहित कई जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। श्रीगंगानगर और बीकानेर में रविवार रात 10 बजे मौसम बदला और हल्की बारिश हुई। इसके बाद रात में रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। श्रीगंगानगर में सुबह 5 बजे 10 से 15 मिनट तक की हल्की बारिश हुई है। मावठ से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। बारिश के बाद हल्की धुंध भी रही। बीकानेर में सुबह 7 से 8:40 बजे तक बरसात हुई है।

**जयपुर में भी हल्की बारिश**-सोमवार दोपहर को जयपुर के भी कुछ इलाकों में बारिश हुई। दोपहर 2 बजे के आसपास अजमेर रोड पर कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई।

**सबसे ज्यादा बारिश चूरू के तारानगर में**-जयपुर मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा बारिश तारानगर (चूरू) में 10 मिमी दर्द की गई है। इसके अलावा पिलानी में 2.6, झुंझुनूं में 1 मिमी से कम बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं सोमवार सुबह कोहरा छाया रहा। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान जालोर में 28.6 डिग्री और न्यूनतम तापमन अलवर में 7.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# संघ-वालों को कोई राजस्थान में पैर नहीं रखने देता था

## कटारिया बोले- हमसे एलर्जी थी, कहते थे- तुम्हें जगह दी तो सरकार रास्ता बंद कर देगी

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा- राजस्थान में संघ वालों को पैर रखने की जगह नहीं देता था। कोई ग्राउंड नहीं देता था। हमसे लोगों को इतनी एलर्जी थी कि वे कहते कि- अगर हम तुम्हें जगह देंगे तो सरकार हमारे रास्ते बंद कर देगी।

हमें कोई जगह रहने को मिलती थी तो ऋषि उद्यान आश्रम में ही मिलती थी। इसी आश्रम के कारण हमने संघ की विचारधारा को आगे पहुंचाने का काम किया। मैं महर्षि दयानंद सरस्वती के ऋषि उद्यान आश्रम (अजमेर) से संघ की एबीसीडी सीखा हूं।

### बोले- पिताजी को तुंकारा कह कर बुलाते थे

कटारिया सोमवार को सीकर के पिपराली महर्षि दयानंद सरस्वती की द्वि जन्म शताब्दी समारोह में आए थे। इस अवसर पर यहां श्री श्याम गौशाला (पिपराली) की स्थापना के 21 वर्ष पूरे होने पर 5 दिवसीय चतुर्वेद शतकम गौपुष्टमी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है।

कटारिया ने यहां मंच से अपने संबोधन में कहा- जनता ने हमको सेवा के लिए भेजा है, लूटने के लिए नहीं भेजा। गुलाबचंद कटारिया को उसके घर में भी कोई नहीं जानता था। मेरे पिताजी को भी गांव में तुंकारा कहकर आवाज देते थे। वहां मैं पैदा हुआ हूं और यहां तक आया हूं तो जनता की मेहरबानी और आशीर्वाद से आया हूं। उन्होंने कहा- सफलता-असफलता जिंदगी में चलेगी। इसी का नाम जिंदगी है। जिसको असफलता नहीं मिलती वह जिंदगी में कभी सफलता नहीं हो सकता। असफलता से ही हमेशा सफलता पैदा होती है।

### कानून मंत्री बोले- मीरा को उनके पति नहीं देवर परेशान करते थे

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मंच पर (अब सौंप दिया सब तुम्हारे हाथों में) प्रार्थना गाकर सुनाई और कहा- जब मैं 2009 में चुनाव में जीता था तो यह प्रार्थना बहुत गाई जाती थी। इसके बाद अर्जुनराम मेघवाल ने मीरा बाई के प्रसंग भी सुनाए। उन्होंने कहा- मीरा मेड़ता में जन्मी और शादी चित्तौड़गढ़ की। और हम सब इतिहास में पढ़ते हैं कि मीरा के पति ने उसको तंग किया लेकिन ऐसा नहीं है। मीरा के पति 1 साल जिंदा रहे और खानवा के युद्ध में वे वीरगति को प्राप्त हुए।




मेघवाल ने कहा- जब उनका देवर राणा बना तो राणा ने मीरा से कहा कि उससे शादी करे। मीरा को उसका पति नहीं देवर (राणा) तंग करता था। इतिहास में कुछ चीजें अलग लिखी गई और इसका संशोधन भी होता रहता है। इसका संशोधन करने का काम भी हमारा ही है।

# राजस्थान के स्कूलों में 12 दिन का शीतकालीन अवकाश

## 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक नहीं खुलेंगे; सर्दी बढ़ी तो कलेक्टर बढ़ाएंगे छुट्टियां



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश के स्कूलों में 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। हर साल शिविरा पंचांग में 25 दिसंबर क्रिसमस के दिन से ही सर्दी की छुट्टियां शुरू जाती हैं, जो पांच जनवरी तक चलती हैं। इस बार शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा था कि तेज सर्दी सर्दी पड़ने पर ही स्कूलों में शीतकालीन अवकाश (25 दिसंबर के बाद) किया जाएगा, हालांकि उनके इस बयान को लागू नहीं किया गया और शिविरा पंचांग के हिसाब से ही छुट्टियां दी गई हैं। निदेशक सीताराम जाट ने बताया- शिविरा पचांग में पूरे साल की एक्टिविटी होती है। उसके अनुसार ही 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक छुट्टियां की गई है। ये प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए लागू होगा। सर्दी ज्यादा होती है तो जिला कलेक्टर अपने स्तर पर निर्णय करते हैं लेकिन अभी ऐसी कोई स्थिति नहीं है। राज्य सरकार ने छुट्टियों के आदेश जारी कर दिए हैं। यह आदेश राजस्थान बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के सभी स्कूलों(सरकारी और निजी) पर लागू होगा।

### हर साल 5 जनवरी के बाद बढ़ जाती है छुट्टियां

आमतौर पर हर साल 5 जनवरी के बाद छुट्टियों में बढ़ोतरी का आदेश जारी हो जाता है। खासकर क्लास नर्सरी से आठवीं तक के स्टूडेंट्स की छुट्टियां बढ़ जाती हैं। पिछले सेशन में जयपुर में 6 जनवरी से 13 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ा दी गई थी। ऐसे में जयपुर में 25 दिसंबर से 13 जनवरी तक छुट्टियां हो गई थी।

# जयपुर में फटे कपड़ों में बदमाशों की निकाली परेड

## घर पर फायरिंग का बदला लेने गाड़ी में लगाई थी आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगाने वाले बदमाशों की पुलिस ने परेड करवाई। पकड़े गए सभी सात बदमाशों को फटे हाल इलाके में घुमाया गया। इनमें से एक बदमाश राहुल नंदा है, जिसके घर के बाहर कुछ दिन पहले बदमाशों ने फायरिंग की थी। फायरिंग का बदला लेने के लिए ही राहुल ने दूसरी गैंग के लोगों के घर के बाहर गाड़ियों में तोड़फोड़ करवाई। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया- हसनपुरा के रहने वाले मोहम्मद शरीफ कुरैशी और रुपेंद्र कुमार ने सदर थाने में रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि क्षेत्र के मेहरों का मोहल्ला, धोवियों का चौक हसनपुरा ए और राजीव नगर हसनपुरा में रात के समय खड़े करीब 15-20 वाहनों ने तोड़फोड़ की गई।

कारों में लाठी, पाइप और सरिए से तोड़फोड़ की गई। क्षतिग्रस्त कर कुछ वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने रविवार शाम 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से लोहे की रॉड और सरिए बरामद किए। सोमवार को हसनपुरा इलाके में बदमाशों की परेड कराई।



### बदमाश के घर के सामने वाहनों में तोड़फोड़ हुई

पुलिस जांच ने बताया- वाहनों में तोड़फोड़ की शुरुआत मोहम्मद शरीफ और हसनपुरा के बदमाश मुजम्मिल मिर्जा के घर के सामने से हुई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए जांच की गई। जांच में सामने आया कि बदमाश मुजम्मिल ने 27 सितंबर 2024 को वसीम अहमद नाम के बदमाश की कार में आग लगा दी थी। घटना शास्त्री नगर के व्यास कॉलोनी की थी। इसके बाद मुजम्मिल के जीजा अकरम (सदर पुलिस थाना का हिस्ट्रीशीटर), बदमाश कुलदीप गहलोत, हनी टाइगर और इनके साथियों ने हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के सिंधी कॉलोनी स्थित घर पर 29 नवंबर को फायरिंग की थी।

# 5वीं, 8वीं में फेल होने वाले बच्चे प्रमोट नहीं होंगे : 2 महीने में दोबारा एग्जाम होगा

**नई दिल्ली।** 5वीं और 8वीं क्लास के एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को अब पास नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने सोमवार को 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म कर दी है। पहले इस नियम के तहत फेल होने वाले स्टूडेंट्स को दूसरी क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था। सरकार के नए नोटिफिकेशन के मुताबिक फेल होने वाले स्टूडेंट्स को 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर वे दोबारा फेल होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि जिस क्लास में वो पढ़ रहे थे उसी में दोबारा पढ़ेंगे। सरकार ने इसमें एक प्रावधान भी जोड़ा है कि 8वीं तक के ऐसे बच्चों को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा।



### राजस्थान मंडपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक

# राजस्थान मंडपम को समय से करें पूरा, विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा मंडपम - मुख्यमंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक और व्यवसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को मण्डपम के निर्माण को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें।

### सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित होगी यूनिटी मॉल में

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किया जाए। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानें एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, रिको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह, एनबीसीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक के पी महादेव स्वामी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बांग्लादेश की भारत से मांग- शेख हसीना को वापस भेजें

बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश ने सोमवार को भारत से शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने इसकी पुष्टि की है। हुसैन ने कहा- हमने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार को एक राजनयिक चिट्ठी भेजी है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश सरकार कानून का सामना करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री को वापस चाहती है। इससे पहले गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल, 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने भागकर भारत में पनाह ले ली थी। वे तब से यही पर हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com